दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 125 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। मंगलवार, 10 मार्च 2026 । चैत्र, कृष्ण पक्ष सप्तमी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक

## तेल कंपनियों ने एजेंसियों को भेजा मैसेज

### होटल-रेस्टोरेंट सहित औद्योगिक ईकाइयों पर पड़ेगा असर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर अब राजस्थान में दिखने लगा है। तेल कंपनियों ने रसोई गैस के घटते स्टॉक को देखते हुए कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की डिलीवरी पर अघोषित रोक लगा दी है। एजेंसियों को मैसेज करके कॉमर्शियल सिलेंडर के ऑर्डर नहीं लगाने के आदेश दिए हैं। केवल घरेलू उपयोग के सिलेंडर की डिलीवरी पर ही फोकस करने के लिए कहा गया है। कंपनियों ने देर रात ये निर्देश जारी किए हैं। कंपनियों के इस निर्णय का असर अब औद्योगिक ईकाइयों, रेस्टोरेंट्स और होटलों पर पड़ेगा। वहीं सावे शुरू होने के कारण शादी-समारोह में भी गैस सप्लाई की किल्लत देखने को मिल सकती है। तेल कंपनियों के सब कुछ सामान्य के दावों के बीच अब आगामी निर्देशों तक कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई रोकने के लिए कहा है।

#### नया ऑर्डर लेने पर रोक

नाम न छापने की शर्त पर एक एजेंसी के डीलर्स ने बताया- कंपनियों की तरफ से कई एलपीजी डीलर्स को मैसेज किया गया है कि वर्तमान हालात को देखते हुए व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की सप्लाई अगले आदेश तक रोक लें। जिन डीलर्स के पास स्टॉक सीमित हैं, उनके नए ऑर्डर लेना कंपनियों ने बंद कर दिया। हालांकि तेल कंपनियों की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है।

#### डिलीवरी की बुकिंग 25 दिन के अंतराल में

इससे पहले तेल कंपनियों ने रसोई गैस की बुकिंग पर भी सेंशन लगाई थी। कंपनियों ने सिलेंडर डिलीवरी के 25 दिन बाद नई बुकिंग लेने के निर्देश दिए थे। ताकि घरेलू सिलेंडर की सप्लाई को नियंत्रित रखा जा सके। वहीं जब उपभोक्ता गैस की बुकिंग कर रहा है, तो उसे सिलेंडर की सप्लाई पहले जहां 2 से 3 दिन में हो जाती थी, वह अब सात दिन में या उससे ज्यादा दिनों के अंतराल में हो रही है।

#### शादी समारोह पर दिख सकता है बड़ा असर

मार्च-अप्रैल में राजस्थान में शादियों का सीजन रहेगा। अगर मध्य-पूर्व के देशों में लम्बे समय तक युद्ध चलता है तो गैस की किल्लत बढ़ जाएगी। क्योंकि भारत में 80 फीसदी गैस कतर, ईरान समेत अन्य देशों से आती है, जो फिलहाल बंद है। अगर कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो बड़े पैमाने पर शादी-समारोह में खाना बनाना मुश्किल हो सकता है।

## 0 नंबर लाने वाले को भी मिली सरकारी नौकरी

### हाईकोर्ट ने पूछा- चपरासी भर्ती में न्यूनतम अंक निर्धारित क्यों नहीं किए



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में फोर्थ क्लास (चपरासी) भर्ती 2024 में जीरो नंबर लाने वाले अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति देने के मामले में हाईकोर्ट ने हैरानी जताई। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि जो व्यक्ति शून्य अथवा नेगेटिव अंक लाता है। उसे किसी भी पद के लिए उपयुक्त कैसे माना जा सकता है? सरकार को न्यूनतम मापदंडों की पालना तो करनी ही चाहिए। ताकि चयनित होने वाला अभ्यर्थी मूल काम तो संतोषजनक तरीक से कर सके। जस्टिस आनंद शर्मा की अदालत ने यह टिप्पणी विनोद कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। कोर्ट ने कहा- चाहे पद चतुर्थ श्रेणी का ही क्यों न हो, लेकिन सरकारी सेवा में एक बेसिक स्टैंडर्ड का होना जरूरी है।

#### जीरो और माइंस में नंबर लाने वाले में क्या फर्क

वकील हरेंद्र नील ने अदालत को बताया- याचिकाकर्ता ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती में एक्स सर्विसमैन (ओबीसी) कैटेगरी में अप्लाई किया था। भर्ती परीक्षा में उसके माइंस में अंक आए। वहीं, उसकी कैटेगरी में कट ऑफ 0 .0033 (जीरो) गई। इसके बाद भी बोर्ड को उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिल रहे हैं, वहीं भर्ती में सैकड़ों पद खाली है। ऐसे में माइनस में अंक लाने वालों को भी नियुक्ति दी जाए, क्योंकि भर्ती विज्ञप्ति और सेवा नियमों में न्यूनतम अंक निर्धारित नहीं किए गए हैं। ऐसे में जीरों नंबर लाने वाले अभ्यर्थी नहीं मिलने पर माइंस अंक लाने वालों को भी नियुक्ति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीरो और माइंस अंक लाने वाले अभ्यर्थियों की योग्यता में कोई फर्क नहीं है।

#### सुप्रीम कोर्ट में प्याज-लहसुन को तामसिक मानने की याचिका

### सीजेआई ने पूछा-आधी रात को पिटीशन ड्राफ्ट करते हो क्या; फालतू बताकर 5 याचिकाएं खारिज

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने 5 पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन/जनहित याचिका फाइल की थीं। इनमें से एक कहा गया था कि प्याज और लहसुन में तामसिक या नेगेटिव एनर्जी होती है या नहीं इसके लिए रिसर्च की मांग की गई थी। इस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने एडवोकेट सचिन गुप्ता को फटकार लगाई। सीजेआई ने पूछा- आधी रात को ये सब पिटीशन ड्राफ्ट करते हो क्या? सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वकील की पांचों पीआईएल अस्पष्ट, फालतू और बेबुनियाद बताकर खारिज कर दीं। पिटीशनर ने जवाब दिया कि यह एक आम मुद्दा है और दावा किया कि गुजरात में खाने में प्याज के इस्तेमाल को लेकर कथित तौर पर एक तलाक हुआ था।

## राजस्थान विधानसभा सत्र

# दो से ज्यादा बच्चे वाले भी बन सकेंगे पंच-सरपंच

### विधानसभा में बिल पारित

### भाजपा भैरोंसिंह शेखावत का अपमान कर रही : डोटासरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में सोमवार को पंचायतीराज चुनावों में दो बच्चों की बाध्यता हटाने वाला राजस्थान पंचायतीराज संशोधन विधेयक 2026 को बहस के बाद पारित कर दिया गया। राजस्थान पंचायतीराज संशोधन बिल में राजस्थान पंचायतीराज कानून की धारा 19 में संशोधन किया गया है। धारा 19 में पंचायतीराज चुनाव लड़ने के लिए दो से ज्यादा बच्चों की बाध्यता के प्रावधान को हटा दिया है। अब वार्ड पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रधान और जिला प्रमुख के लिए बच्चों की बाध्यता नहीं रहेगी। 31 साल पहले तत्कालीन भैरोंसिंह शेखावत सरकार ने पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनावों में दो बच्चों की बाध्यता लागू की थी। इस प्रावधान को आज विधानसभा में बिल पारित कर खत्म कर दिया गया है। पंचायतीराज संशोधन बिल को 5 मार्च को विधानसभा में रखा गया था, जिसे बहस के बाद पारित कर दिया गया। गांवों की सियासत बदलेगी यह बिल पारित होने के बाद अब दो से ज्यादा बच्चों वाले नेताओं को राहत मिलेगी। अब तक जो नेता दो से ज्यादा बच्चों के कारण पंचायतीराज चुनाव नहीं लड़ पाते थे, अब बाध्यता हटने से आने वाले पंचायतीराज चुनावों में उनके लिए चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है।



#### दिलावर बोले- डोटासरा ने भांग खाकर स्कूल खोले

इससे पहले कांग्रेस राज में खोले गए अंग्रेजी मीडियम और स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूलों में खाली पदों से जुड़े सवाल पर विधानसभा में नोकझोंक और हंगामा हुआ। बीजेपी विधायक बालकनाथ के सवाल पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- कांग्रेस सरकार ने 3737 स्कूलों को अंग्रेजी मीडियम में बदल दिया। लेकिन एक भी पद सृजित नहीं किया। शिक्षा मंत्री के जवाब पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- कांग्रेस राज में महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूलों का कैडर बना दिया था, उनका क्या हुआ? विवेकानंद मॉडल स्कूलों में अभी कितने पद खाली हैं? दिलावर ने कहा- कई स्कूल तो ऐसे हैं जहां एक बच्चा, दो बच्चे, 10 बच्चे हैं। वहां आप चाहते हैं सारे ग्रेड के टीचर लगाएं, ऐसा कैसे संभव है? जीरो, दो, 10 बच्चों पर स्कूल चलते हैं क्या? पता नहीं भांग खाकर स्कूल खोल दिए। शिक्षा मंत्री रहते डोटासराजी ने भांग खाई हुई थी। दिलावर के कमेंट पर जूली ने आपत्ति जताते हुए कहा- आप शिक्षा मंत्री हो। आप यह क्या जवाब दे रहे हो?

#### अजमेर में खुलेगी आयुर्वेद-योग यूनिवर्सिटी

विधानसभा में आज बहस के बाद राजस्थान आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय, अजमेर विधेयक 2026 को पारित कर दिया गया। 5 मार्च को इस बिल को विधानसभा में रखा गया था। बहस के दौरान कई विधायकों ने इस विश्वविद्यालय का नाम आयुष विश्वविद्यालय करने का सुझाव दिया।

## आग उगल रहा सूरज

### हीटवेव का अलर्ट, 40 के पार पहुंचा पारा, 3 डिग्री तक और बढ़ेगा तापमान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी लगातार बढ़ रही है। सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ है। रविवार को बाड़मेर, बालोतरा के इलाके हीटवेव की चपेट में रहे। जयपुर, अजमेर, कोटा समेत 15 से ज्यादा शहरों में रविवार दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार, राज्य में अगले सप्ताह तक गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। सोमवार और मंगलवार को जैसलमेर, बाड़मेर और बालोतरा में हीटवेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले एक सप्ताह के दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी होने की भी संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान पिलानी (झुंझुनूं), बाड़मेर सबसे गर्म इलाके रहे। रविवार को पिलानी में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि बाड़मेर में 40 डिग्री सेल्सियस। बाड़मेर, बालोतरा और उसके आसपास का एरिया रविवार को हीटवेव की चपेट में रहा। यहां सुबह से तेज धूप रहने के साथ दिन में हल्की से मध्यम लू चली। बाड़मेर के अलावा बीकानेर में अधिकतम तापमान 39.4, चूरू में 39.1, जैसलमेर में 39.2, जोधपुर में 38.8, फलोदी में 38.2 रिकॉर्ड हुआ। इन इलाकों में रविवार को हल्की हीटवेव का असर रहा। 15 से ज्यादा शहरों में तापमान 36 डिग्री या उससे ऊपर रविवार को 15 से ज्यादा शहरों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ।

## ईरान-इजरायल युद्ध के बीच जयपुर से पहली बार उड़ान

#### एयर अरबिया का 8 दिन बाद संचालन; दुबई-अबूधाबी जाने वालों फ्लाइट्स अभी भी रद्द

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर से खाड़ी देशों की उड़ानें ईरान-इजरायल युद्ध के चलते पिछले 8 दिनों से रद्द थीं। सोमवार को एयर अरेबिया का विमान शारजाह (संयुक्त अरब अमीरात) के लिए रवाना हुआ। हालांकि, अभी भी तीन देशों के लिए अन्य उड़ानें रद्द हैं, जिनमें दुबई और अबू धाबी शामिल हैं। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एयर अरेबिया की फ्लाइट जी9-435 आज सुबह करीब 4:40 बजे शारजाह से जयपुर एयरपोर्ट पहुंची। यहां से यात्रियों को लेकर यह विमान



सुबह 5:45 बजे वापस शारजाह के लिए रवाना हुआ। युद्ध के कारण यह फ्लाइट लगभग 8 दिनों तक संचालित नहीं हो सकी।






# ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा

### चर्चा की मांग; सरकार बोली- स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के पहले दिन की लोकसभा की कार्यवाही खत्म हुई। विपक्ष ने अमेरिकी-इजराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालातों का भारत पर असर पर चर्चा की मांग करता रहा।

सरकार ने कहा कि विपक्ष स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ नो कॉन्फिडेंस मोशन लाई है, हम इस पर चर्चा करने पर तैयार हैं, विपक्ष चर्चा करे, लेकिन विपक्ष दूसरा मोशन ले आया है, जिसका विदेश मंत्री ने बहुत अच्छे से जबाव दिया है। इसके बाद सदन मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित किया गया।

वहीं, आज विदेश मंत्री ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया।

## विदेश मंत्री ने कहा- 67,000 नागरिक इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर चुके, 5 बड़ी बातें

- मौजूदा संघर्ष भारत के लिए भी चिंता की बात है। हम पड़ोसी हैं, और वेस्ट एशिया में स्थिरता बनाए रखना हमारी भी जिम्मेदारी है। खाड़ी देशों में एक करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं।
- ईरान में भी, कुछ हजार भारतीय पढ़ाई या नौकरी के लिए हैं। यह इलाका हमारी एनर्जी सिक्योरिटी के लिए बहुत जरूरी है और इसमें तेल और गैस के कई जरूरी सप्लायर शामिल हैं। सप्लाई चेन में रुकावटें और अस्थिरता गंभीर मुद्दे हैं।
- हमने दो भारतीय नाविकों (मर्चेंट शिपिंग) को खो दिया है, और एक अभी भी लापता है। मुंबई के शिपिंग डायरेक्टरेट जनरल ने 14 जनवरी को भारतीय नाविकों से कहा था कि वे एम्बेसी की एडवाइजरी मानें और किनारे पर बेवजह आने-जाने से बचें।
- वेस्ट एशिया से हमारे लोगों को वापस लाने की पूरी कोशिश की जा रही है। 8 मार्च तक हमारे लगभग 67,000 नागरिक इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर चुके हैं। संबंधित मंत्रालय जवाब देने के लिए कोऑर्डिनेट कर रहे हैं। लड़ाई लगातार बढ़ रही है। इलाके में सुरक्षा की स्थिति काफी खराब हो गई है। असल में, लड़ाई दूसरे देशों में भी फैल गई है।
- इजराइल-यूएस और ईरान के बीच लड़ाई जारी है, बल्कि कुछ खाड़ी देशों पर हमले भी हुए हैं। ईरान में लीडरशिप लेवल पर कई लोग मारे गए हैं, साथ ही इस इलाके में इंफ्रास्ट्रक्चर भी तबाह हुआ है।

इस समय लीडरशिप लेवल पर ईरान के साथ कॉन्टैक्ट करना साफ तौर पर मुश्किल है। ईरान के विदेश मंत्री ने ईरानी वॉरशिप लावन को कोच्चि पोर्ट पर डॉक करने की इजाजत देने के भारत का शुक्रिया अदा किया है।

## पंचवटी समिति द्वारा होली मिलन समारोह एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन,75 महिलाओं का हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। पंचवटी समिति द्वारा सोमवार को होली मिलन समारोह एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष मनीष जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप कुमावत, विशिष्ट अतिथियों मे सुशील दशोरा सुषमा कुमावत, ओमप्रकाश अग्रवाल, डीपीएस संस्थापक गोविंद अग्रवाल तथा बी.एल. पालीवाल मौजूद थे। इस अवसर पर महिला क्लब की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में पंचवटी समिति के अध्यक्ष सव्यसाची भटनागर ने अतिथियों का स्वागत किया। महिला क्लब की अध्यक्ष प्रवीना पोरवाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 75 महिलाओं का सम्मान किया गया, साथ ही पंचवटी क्षेत्र के वृद्धजनों का भी सम्मान कर उनके सामाजिक योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## शहर में शुरू हुआ तीन दिवसीय बास्योड़ा पर्व,शीतला माता की हो रही पूजा,

**सेढ मोहल्ले में शीतला माता की पूजा के लिए उमड़ी महिलाओ की भीड़,**

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी(नि.स.)**। शहर में तीन दिवसीय बास्योड़ा त्योहार चैत्र मास कृष्ण पक्ष की छठवीं से अष्टमी तक मनाया जा रहा है। इस दौरान सेढ़ माता मंदिर पर महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। हालांकि, मंदिर परिसर में पूजा को लेकर व्यवस्था और सुरक्षा का अभाव दिखा। जिससे महिलाएं परेशान हुई। आवारा सांडों के हमले और अव्यवस्था के कारण श्रद्धालु महिलाओ को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। होली के बाद मनाए जाने वाले इस पर्व में मां शीतला की विशेष पूजा की जाती है। प्रचलन के अनुसार श्रद्धालु महिलाएं एक दिन पहले तैयार किया गया बासी भोजन माता रानी को अर्पित करती हैं। यह आयोजन बुधवार अष्टमी तक चलेगा,जिसमें पूजा के बाद घरों में बासी भोजन ही खाया जाएगा। मान्यता है कि इसके बाद बासी भोजन वर्जित हो जाता है और यह पूजन परिवार पर माता रानी की कृपा बनाए रखने तथा बीमारियों से बचाव के लिए किया जाता है।

## जोधपुर के व्यापारी की राजसमंद में मौत: भांजा बोला- ज्वेलर के यहां रुके थे, चांदी और रुपए मांगते थे; रात को जान का खतरा बताया था

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)**। राजसमंद में जोधपुर के ज्वेलरी व्यापारी का शव मिला है। ज्वेलरी व्यापारी पिछले 2 दिन से बकाया चांदी के रुपए लेने यहां आए हुए थे। उनका शव एक स्थानीय व्यापारी के घर में मिला है। पुलिस ने एक संदिग्ध को डिटेन भी किया है।व्यापारी के भांजे में आरोप लगाया कि उनकी हत्या हुई है, रात को उनका एक वीडियो सामने आया था। इसमें उन्होंने कहा था कि उनकी जान को खतरा है। वो सुसाइड नहीं कर सकते, उनकी हत्या की हुई है। वे ज्वेलर दंपती के घर रुके हुए थे।मामला राजसमंद के श्रीनाथजी थाना इलाके का है। डीएसपी शिप्रा राजावत ने बताया- दिनेश टांक निवासी बिलाड़ा (जोधपुर) का शव मिला है। यह सुसाइड है या हत्या ये शव के पोस्टमॉर्टम के बाद ही मालूम चल पाएगा। फिलहाल मामले में जांच चल रही है। भांजे मुकेश टांक ने बताया- सुबह 7 बजे हम लोगों ने उनका वीडियो देखा था। हम यहां पहुंचे तो पता चला कि उनकी डेथ हो गई है। अभी तक प्रशासन ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है। किसी को भी डिटेन नहीं किया गया है।हम जब पहुंचे तो उनकी बॉडी गद्दे पर पड़ी थी। न तो उन्होंने फांसी खाई थी और न ही मुंह से कोई झाग निकल रहे थे। उन्होंने सुसाइड नहीं किया है, उनका मर्डर हुआ है।

## संरक्षित क्षेत्रों में विदेशी नागरिकों के प्रवेश पर सख्ती, बिना ऑनलाइन अनुमति भ्रमण नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर (नि.स.)**। गृह विभाग, जयपुर के निर्देशों की पालना में राज्य के संरक्षित क्षेत्रों में विदेशी नागरिकों के प्रवेश एवं भ्रमण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के अनुसार रोजगार, व्यवसाय, शोध, अध्ययन अथवा पर्यटन के उद्देश्य से आने वाले विदेशी नागरिकों को बिना ऑनलाइन अनुमति (पीएपी)के संरक्षित क्षेत्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट परसा राम ने बताया कि जिले के सभी टूरिस्ट ऑपरेटर, टूरिस्ट गाइड, होटल प्रबंधक, फिल्म कोऑर्डिनेटर एवं संबंधित व्यक्तियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना अनुमति के किसी भी विदेशी नागरिक को संरक्षित क्षेत्रों में भ्रमण अथवा कार्य के लिए प्रवेश नहीं कराएं। उन्होंने बताया कि गृह विभाग के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकार में कार्यरत विभिन्न कंपनियों, शोध संस्थानों तथा फिल्म कोऑर्डिनेटरों के प्रबंधकों को भी पाबंद किया गया है कि विदेशी नागरिकों को संरक्षित क्षेत्रों में प्रवेश केवल ऑनलाइन अनुमति (प्रोटेकडेट एरिया परमिट ) प्राप्त होने के बाद ही दिया जाए।

# शहर के कायस्थ पाड़ा पुलिया पर सड़क किनारे भूमि से हटाया बरसो पुराना कब्जा

**कोर्ट के आदेश पर पुलिस और प्रशासन ने की कार्यवाही, पीला पंजा चला हटाया अतिक्रमण**

बढ़ता राजस्थान





**बाड़ी (राजू शर्मा)**। शहर के कायस्थ पाड़ा पुलिया पर सडक किनारे एक विवादित भूमि पर कोर्ट के आदेश पर कब्जा हटाने की स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने कोर्ट अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाही की है। ऐसे में करीब डेढ़ बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है और कब्जा भूमि मालिक को सौपा है। उक्त कार्रवाही के दौरान पुलिस और प्रशासन को शुरू में भूमि कब्जाधारियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। जिसे बाद में आरोपियों को हिरासत में ले शांत कराया गया।

कार्रवाई के मौका मजिस्ट्रेट तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि बाड़ी न्यायालय एमजेएम के आदेश पर उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। जिसमें शुरुआत में अतिक्रमणकारियों द्वारा कुछ विरोध किया गया। जिसे बाद में शांत कर दिया गया है। अब तीन जेसीबी मशीनों के सहयोग से कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगभग पूरी कर ली गई है। बाड़ी एडीजे कोर्ट के सहायक नाजिर नितीश मीणा और तामील कुनिंदा दीपक बाबू दूबे ने बताया के न्यायालय के आदेश पर 21/35 के तहत यह कार्रवाई की है। उक्त भूमि अनिल कुमार की है। जिस पर कोर्ट केस चल रहा था और कोर्ट केस के फैसले के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया है। उक्त विवाद रामश्री बनाम नगर पालिका,किशन लाल बघेला के नाम से था। जिस पर किशन लाल बघेल के पांच बेटों और उनके परिवारीजनों का कब्जा था। जिसको हटाया गया है और भूमि रामश्री के पुत्र अनिल कुमार को सौपी है। जिस पर कई वर्षों से आरोपियों का कब्जा था।

कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त भूमि पर कब्जा हटाने के दौरान विवाद की आशंका से जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस लाइन,सदर थाना,बसई डांग थाना,सोने का गुर्जा और कंचनपुर से अतिरिक्त जाब्ता बुलाया गया साथ मे आधा दर्जन महिला कॉन्स्टेबल भी मौके पर तैनात रही। शुरू में कब्जा धारियों द्वारा विरोध किया गया। जिस पर उनमें से कुछ को हिरासत में लेकर पुलिस थाने में रखा है। कुछ को मौके पर ही बिठाया गया है। समझाइश के साथ पूरे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है।

# बगैर जांच ठीकरा फोड़ने का आरोप, विरोध में उतरे कर्मचारी

## पशुपालन विभाग के कार्मिकों ने काली पट्टी बांध किया कार्य

## विधायक की उपेक्षा पर अधिकारी को एपीओ करने का मामला

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)**। पशुपालन विभाग में अधिकारी को एपीओ किए जाने के मामले में कार्मिकों ने विरोध जताया है। सोमवार को कार्मिकों ने काली पट्टी बांध कर कार्य किया। आरोप है कि बगैर जांच किए ही अधिकारी को एपीओ करना गलत है। कार्मिकों का कहना रहा कि प्रोटोकॉल की अवहेलना या विधायक की उपेक्षा के मामले में जिम्मेदारी तय किए बगैर ही किसी अधिकारी पर ठीकरा फोडऩा गलत है। मामला मंडार में चल रहे लीलाधारी महादेव पशु मेले से जुड़ा हुआ है। यहां कार्यक्रम में आबू-पिण्डवाड़ा विधायक समाराम गरासिया ने अपनी उपेक्षा का आरोप लगाया था। इस पर विभाग ने कार्यवाहक संयुक्त निदेशक डॉ.अमित चौधरी को एपीओ कर दिया।



### एपीओ कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं

कार्मिकों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विधायक की कथित उपेक्षा के मामले में जांच होनी चाहिए थी, ताकि मामले में किस अधिकारी या कार्मिक की भूमिका रही वह सामने आ जाता, लेकिन जिम्मेदारी तय किए बगैर ही एपीओ कार्रवाई कर दी गई। इस तरह से किसी एक अधिकारी को दोषी मानते हुए एपीओ कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं कह सकते। विभाग को इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। बताया जा रहा है कि एपीओ हुए अधिकारी रेवदर में उप निदेशक पदस्थापित थे। उन्हें सिरोही मुख्यालय पर संयुक्त निदेशक का पदभार सौंपा गया था। वहीं, मुख्यालय पर कार्यरत उप निदेशक को उनके एपीओ होने के बाद संयुक्त निदेशक का पदभार सौंपा गया है। सवाल यह कि जब मुख्यालय पर पहले से ही अधिकारी कार्यरत थे तो रेवदर से समकक्ष अधिकारी को यह पदभार क्यों सौंपा गया था।

### पशु मेले में हुई अश्व प्रतियोगिता

उधर, लीलाधारी महादेव पशु मेले में अश्व प्रतियोगिता हुई। इसमें सलीम खान के घोड़े व शैतानसिंह की घोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोमवार को हुई प्रतियोगिता में उत्कृष्ट नस्ल के अश्वों का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक मंडल टीम ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे अश्वों का चयन किया।

## डिस्कॉम की टीम का बकाया को लेकर कंचनपुर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर उतारो अभियान



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)**। जयपुर विद्युत वितरण निगम की टीम द्वारा अधीक्षण अभियंता धौलपुर विवेक शर्मा और बाड़ी एक्सईएन गोविंद सिंह के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए कंचनपुर थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में बकाया को लेकर बिजली बंद करने की कार्रवाई की है। टीम द्वारा इन गांवों से 17 ट्रांसफार्मरो को लाइन से उतारा गया है। सभी ग्रामीण उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल को जल्द जमा करने की अपील की है।

डिस्कॉम के सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया की जयपुर विद्युत वितरण निगम की उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लगातार बकाया को लेकर वसूली अभियान चल रहा है। उक्त अभियान के तहत कनिष्क अभियंता कुलदीप शर्मा,जगदीश मीणा,आयुष राज गुप्ता और टेक्नीशियन एवं अन्य कार्मिकों की टीम ने कंचनपुर थाना क्षेत्र के महुआखेड़ा,लालोनी,बुधुआ का नगला,बदरेठा,मढ़ा गुर्जर और विक्रमपुरा में कार्रवाई की है। इन गांवों के उपभोक्ताओं पर करीब 42 लाख रुपए की राशि बकाया है। ऐसे में 17 ट्रांसफार्मर को लाइन से उतारा गया है। सभी ग्रामीणों उपभोक्ताओं से टीम ने अपील की है कि वे जल्द से जल्द बकाया राशि को जमा कराए। जिससे उनका बिजली कनेक्शन फिर से जोड़ा जा सके।

## केलवा की दीपिका पंवार ने किया गांव का नाम रोशन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)**। जिले के केलवा गांव की बेटी दीपिका सिंह पंवार ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। साधारण परिवार में जन्मी दीपिका ने सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सफलता प्राप्त कर आज एक महत्वपूर्ण सरकारी पद तक का सफर तय किया है।दीपिका के दादा नारायण सिंह पंवार तथा पिता धीर सिंह पंवार सामान्य परिवार से हैं। माता पारस कंवर ने भी बचपन से ही उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। परिवार के सहयोग और अपनी मेहनत के दम पर दीपिका ने हर चुनौती को पार किया। उनके भाई रघुवीर सिंह पंवार भी उनकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं।दीपिका की प्रारंभिक शिक्षा



सरकारी नवोदय गर्ल्स छात्रावास तथा संगीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजसमंद में हुई। बचपन से ही वह पढ़ाई में तेज और मेहनती रही तथा हमेशा आगे बढऩे का लक्ष्य लेकर पढ़ाई करती रहीं।उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने एस.एस. कॉलेज एंड टेक्नो कॉलेज, उदयपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ (पंजाब) से मास्टर डिग्री तथा सरकारी अध्ययन से संबंधित डिग्री प्राप्त की।

वर्तमान में दीपिका पंवार अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में वरिष्ठ अधिकारी के पद पर अजमेर जिले में कार्यरत हैं और अपनी सेवाएं दे रही हैं।

दीपिका पंवार की इस उपलब्धि से केलवा गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि दीपिका ने यह साबित कर दिया कि यदि व्यक्ति में दृढ़ इच्छा शक्ति और मेहनत करने का जज्बा हो तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों के लिए भी प्रेरणा बन गई है।

## पहले ही वर्ष में रेखा सोमानी फाउण्डेशन ने गाड़े झंडे,बालिकाओं को नि:शुल्क दी जा रही सीए की शिक्षा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। सीए रेखा सोमानी फाउण्डेशन द्वारा बालिकाओं को नि:शुल्क दी जा रही सीए की शिक्षा के तहत सीए फाउण्डेशन के आज आये परिणामों में फाउण्डेशन ने अपने पहले ही वर्ष में झंडे गाड़ते हुए सीए फाउण्डेशन की प्रथम दो रेंक पर कब्जा जमाया।



फाउण्डेशन के निदेशक सीए देवेन्द्र सोमानी ने बताया कि 10 जनवरी 2026 में आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा में फाउण्डेशन की 10 में से 8 छात्रायें उतीर्ण हुई। जिसमें ज्योति शर्मा ने 304 अंक के साथ 76 प्रतिशत,चाहक चंडक ने 298 अंक के साथ 74.5 प्रतिशत,सोनू कुमारी ने 257 अंक के साथ 64.25 प्रतिशत, दीया लखवानी ने 236 अंक के साथ 59 प्रतिशत,सलोनी शर्मा ने 237 अंक के साथ 59.25 प्रतिशत,रिदम चंडक ने 244 अंक के साथ 61 प्रतिशत,सृष्टि अरोरा ने 276 अंक के साथ 69 प्रतिशत प्राप्त किये।

सीए सोमानी ने बताया कि पहल ही वर्ष में फाउण्डेशन की बालिकाओं ने जो उपलब्धि हासिल की है। वह अन्य बालिकाओं के लिये प्रेरणा देगी।

**जनप्रतिनिधियों ने की रक्तदाताओं की हौसला अफजाई**

# स्व. अमीलाल महला की 10वीं पुण्यतिथि पर जनसेवा का अनूठा उदाहरण, युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं (नि.स.)**। मानव सेवा और परोपकार की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए मुरोत का बास गांव रविवार को जनसेवा के महाअभियान का साक्षी बना। स्वर्गीय अमीलाल महला की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर यहां आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में क्षेत्रभर के युवाओं, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 143 यूनिट रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। पुण्यतिथि को सेवा और समाज कल्याण से जोड़ते हुए आयोजित इस शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं की लंबी कतारें लग गईं। युवाओं में



रक्तदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के आयोजक अनिल कुमार महला ने बताया कि स्व. अमीलाल महला की स्मृति को जनसेवा से जोडऩे के उद्देश्य से इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, ताकि अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों और युवाओं के सहयोग से शिविर ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अतिथियों ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे सीधे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। शिविर में राजेन्द्र भांबू (विधायक, झुंझुनूं), शुभकरण चौधरी (पूर्व विधायक, उदयपुरवाटी), विशम्भर पूनिया (विधानसभा क्षेत्र झुंझुनूं), हर्षिनी कुलहरी (जिला प्रमुख, झुंझुनूं) तथा राजेश बाबल (विधानसभा क्षेत्र झुंझुनूं) सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला रेल कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम आयोजित

**सेमिनार, प्रश्नोत्तरी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहित जैन)**। स्थानीय कर्मचारी हित निधि समिति अजमेर रेल मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रिंकल भूतड़ा अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन अजमेर मंडल तथा विशिष्ट अतिथि राजू भूतड़ा मंडल रेल प्रबंधक, अजमेर की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल की महिला कर्मचारिओं के लिए सेमिनार, प्रश्नोत्तरी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रेलवे बिसिट इन्स्टीट्यूट, कचहरी रोड अजमेर में आयोजित किये गए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी




रघुवीर सिंह चारण सहित अन्य रेल अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाओं ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। रंगारंग कार्यक्रम के अंतर्गत नेहा, पूर्णिमा शर्मा व कुमुद माहेश्वरी द्वारा एकल नृत्य, निधि व ग्रुप द्वारा समूह नृत्य के रूप में शानदार प्रस्तुति दी गई। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी अनीता बघेल, सहायक कार्मिक अधिकारी वंदना चौबे व कांस्टेबल सावित्री फगरिया ने महिला सशक्तिकरण व महिला उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किये। पुरस्कार देकर महिलाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सहायक कार्मिक अधिकारी वंदना चौबे ने कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। महिला रेल कर्मियों की सुविधा हेतु नवनिर्मित महिला कक्ष का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभावसर पर महिला रेलकर्मियों की सुविधा हेतु दिनांक 9 मार्च 2026 को नवनिर्मित महिला कक्ष का शुभारंभ मण्डल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा की उपस्थिति में रिंकल भूतड़ा, अध्यक्षा उत्तर पश्चिम रेल्वे महिला कल्याण संगठन अजमेर मण्डल द्वारा किया गया।

## शेखावाटी सैनी समाज संस्था द्वारा फाग उत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** शेखावाटी सैनी समाज संस्था,जयपुर के तत्वावधान में फाग उत्सव 2026 एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम का सफल आयोजन स्थानीय रामेश्वरम गार्डन में संपन्न हुआ। चंग की थाप, नृत्य और गुलाल के बीच समाज के लोगों ने एकजुट होकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।कार्यक्रम का आयोजन संस्था के अध्यक्ष रामप्रसाद कारोडिया की अध्यक्षता में किया गया। इस भव्य आयोजन को संरक्षक एमपी सैनी, उपाध्यक्ष महावीर सिंह चौहान, महासचिव बी.एम. सैनी, कोषाध्यक्ष रामनारायण सैनी एवं संयोजक डॉ. पूनम सैनी, चिरंजीलाल सैनी की कुशल देखरेख में अंतिम रूप दिया गया।

**समाज रत्न सम्मान एवं विशेष सम्मान :** समारोह के दौरान समाज हित में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को समाज रत्न से अलंकृत किया गया।स्व.रावतमल कम्मा (मरणोपरांत सम्मान) फूलचंद सैनी सुमेर सिंह सैनी इसके साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गुरु कृपा वृद्धजन सेवा संस्था, श्रीमाधोपुर की प्रदेश सचिव सरोज सैनी को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।सांस्कृतिक रंग और संचालन कार्यक्रम में चंग-नृत्य और फाग के गीतों ने समां बांध दिया। उपस्थित अतिथियों ने समाज के विकास और एकता पर बल दिया। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन महावीर सिंह चौहान एवं श्रवण कुमार सैनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अंत में सभी आगंतुकों के लिए स्नेह भोज का आयोजन हुआ।

## रिलायंस रिटेल ने खरीदा हिमालय के प्राकृतिक उत्पादों पर आधारित स्किनकेयर ब्रांड 'पहाड़ी लोकल'

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर /नई दिल्ली ।** रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने भारतीय ब्यूटी और वेलनेस ब्रांड पहाड़ी लोकल और उसके कारोबार का अधिग्रहण कर लिया है। यह ब्रांड पहाड़ी गुडनेस प्राइवेट लिमिटेड के तहत संचालित होता था और हिमालयी प्राकृतिक सामग्री पर आधारित उत्पादों के लिए जाना जाता है। कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण के जरिए रिलायंस रिटेल अपने ब्यूटी और पर्सनल केयर पोर्टफोलियो को मजबूत करेगी और ऐसे भारतीय ब्रांडों को बढ़ावा देगी जिनकी पहचान पारंपरिक ज्ञान, प्राकृतिक सामग्री और टिकाऊ उत्पादन से जुड़ी है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा अंबानी ने कहा कि 'पहाड़ी लोकल' हिमालयी वेलनेस परंपराओं और सोर्सिंग से जुड़ा एक विशिष्ट ब्रांड है। रिलायंस रिटेल अपने ओम्नी-चैनल नेटवर्क और रिटेल प्लेटफॉर्म के जरिए इस ब्रांड को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित है। 2018 में स्थापित 'पहाड़ी लोकल' हिमालयी क्षेत्रों से प्राप्त प्राकृतिक सामग्री पर आधारित स्किनकेयर और वेलनेस उत्पाद बनाता है। अधिग्रहण के बाद भी 'पहाड़ी लोकल' की संस्थापक टीम, ब्रांड की रचनात्मक दिशा और उत्पाद विकास में सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं का हुआ सम्मान

### डॉ. राशि अग्रवाल एवं मीरा को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अजीतगढ़ द्वारा डॉ. राशि अग्रवाल, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,रतनपुरा,ब्लॉक - श्रीमाधोपुर एवं निदेशक मीरा, युग फाउंडेशन रींगस को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

## उपेन्द्र भारद्वाज को मिली पीएच डी की उपाधि



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** कस्बे निवासी डॉ उपेन्द्र भारद्वाज ने डॉ. एस. आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के स्नातकोत्तर आयुर्वेद संस्थान के शल्य तंत्र विभाग से पीएच डी की उपाधि प्राप्त भारद्वाज ने अवबाहुक (फ्रोजन शोल्डर) के प्रबंधन में विद्धकर्म एवं अग्निकर्म की प्रभावशीलता का तुलनात्मक नैदानिक अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया ।भारद्वाज द्वारा यह शोध कार्य आयुर्वेद विद्या वारिधि पीएच.डी. (आयुर्वेद) की उपाधि के लिए किया गया है। यह शोध कार्य स्नातकोत्तर आयुर्वेद संस्थान, डॉ. एस. आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के **शल्य तंत्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विष्णु दत्त शर्मा** के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस शोध में अवबाहुक (फ्रोजन शोल्डर)रोग के उपचार में आयुर्वेद की महत्वपूर्ण शल्य चिकित्सा पद्धतियों विद्धकर्म एवं अग्निकर्म** की प्रभावशीलता का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोधार्थी ने अपने अध्ययन के निष्कर्षों को विश्वविद्यालय में प्रस्तुत कर पीएच.डी. शोध प्रबंध जमा कराया है। विश्वविद्यालय में शोध प्रबंध प्रस्तुत होने पर विभाग के शिक्षकों, सहपाठियों, मित्रों, परिवारजनों तथा समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने भारद्वाज को बधाई दी।

# मनरेगा खत्म करने से ग्रामीण मजदूरों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा-गुर्जर

## किसान संवाद कार्यक्रम में केंद्र की कृषि व्यापार नीति पर चर्चा, ग्राम हांसियावास में हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत निकटवर्ती ग्राम हांसियावास में किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के महत्व एवं केंद्र सरकार की कृषि व्यापार नीति पर किसानों व ग्रामीणों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर ने मनरेगा को ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब, मजदूर व जरूरतमंद परिवारों के लिये रोजगार का महत्वपूर्ण साधन बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना गांव में ही सम्मानजनक आजीविका प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है और गरीब वर्ग को आर्थिक सुरक्षा देती है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार इस महत्वपूर्ण योजना को खत्म करने की साजिश कर रही है, जिससे ग्रामीण मजदूरों और जरूरतमंद परिवारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने किसानों को अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौते के संभावित खतरों के बारे में आगाह करते हुये कहा कि यदि किसानों के हितों को ध्यान में रखे बिना यह समझौता किया गया तो इसका सीधा असर छोटे और गरीब किसानों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसे किसान विरोधी निर्णय का विरोध करेगी। वक्ताओं ने कहा कि इससे कृषि क्षेत्र में असंतुलन पैदा होगा और किसानों की आय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। देश की लगभग 70 प्रतिषत आबादी कृषि पर निर्भर है, और ऐसी किसान विरोधी डील लागू होने पर देश का किसान तबाह हो सकता है। कांग्रेस पार्टी ने इस किसान विरोधी डील का पुरजोर विरोध करने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित किसानों ने भी इस डील को वापस लेने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों के साथ जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तृत संवाद हुआ। संगठन महामंत्री वी. के. नवल ने बताया कि इससे पूर्व जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर व पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा समेत अन्य अतिथियों का ग्रामीणों द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेष सचिव प्रदीप कसाना, इन्द्राज कसाना, वीरेंद्र कसाना, पवन गुर्जर, अजय सैनी, मुकेश मुक्कड़, रामनिवास मुकदम, रामौतार लीडर, हरदान सरपंच, एड. सीताराम गुर्जर, शेरसिंह ठेकेदार, रामकरण सरपंच, महेश चेयरमैन, एड. मदन, राजेंद्र, श्योराम, मक्खन, विश्राम मुकदम, हवासिंह, बज्जू, सैमल ठेकेदार, भोलाराम, राजवीर, सचिन, जगदीश गुरुजी, झंझूराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व किसान मौजूद रहें।

# पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव में ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिषत आरक्षण की मांग

## मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** श्री प्रताप फाउण्डेशन के सदस्यों ने पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव में ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिषत आरक्षण की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेष के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम एसडीएम रामावतार मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भारत के संविधान के 73 वें संशोधन के अनुसार राजस्थान में पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 15 क, ख व ग में क्रमशः एस.सी., एस.टी. एवं ओ.बी.सी. वर्ग को पंचायती राज चुनावों में आरक्षण की व्यवस्था की गई है। भारत सरकार द्वारा संविधान के 103 वें संशोधन के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) हेतु सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 10 प्रतिषत आरक्षण का प्रावधान किया गया हैं जो राजस्थान राज्य में भी प्रभावी है। पंचायती राज, नगरीय निकाय एवं अन्य स्थानीय शासन निकायों में आर्थिक पिछड़े वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की सहभागिता निरंतर कम होती जा रही है। महंगे होते चुनावों में यह वर्ग लगातार राजनीतिक प्रतिनिधित्व से वंचित होता जा रहा है। राजस्थान प्रदेश की कुल 352 पंचायत समितियों में 105 पंचायत समितियां ऐसी हैं जिनमें केवल आर्थिक पिछड़ा वर्ग ही नहीं बल्कि जिस अनारक्षित वर्ग में से आर्थिक पिछड़ा वर्ग चिह्नित किया गया है, उसका प्रतिनिधित्व भी 10 प्रतिशत से कम है। कुल 32 पंचायत समितियां ऐसी हैं जिनमें अनारक्षित वर्ग का एक भी पंचायत समिति सदस्य नहीं है। 50 पंचायत समितियां ऐसी हैं जिनमें अनारक्षित वर्ग का केवल एक पंचायत समिति सदस्य हैं। प्रदेश की 33 जिला परिषदों में से 08 जिला परिषदें ऐसी हैं, जिनमें अनारक्षित वर्ग के 10 प्रतिषत से भी कम जिला परिषद सदस्य हैं। डूंगरपुर में शुन्य तो दौसा व करौली में मात्र एक-एक जिला परिषद सदस्य अनारक्षित वर्ग के हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि राजस्थान के पंचायती राज एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं में अनारक्षित वर्ग के आर्थिक पिछड़े वर्ग का ही नहीं साधन संपन्न वर्ग का भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। इस दौरान एड. उदय सिंह तंवर, रमेश सिंह राजावत, रघुवीर गोयल, चन्द्रशेखर शर्मा, अजय सिंह तंवर, पूरण सिंह तंवर, अमित शर्मा, सौरभ शर्मा, राजेश सिंह राजावत, रणजीत बंसल आदि मौजूद रहें।

# सांगानेर चिकित्सा शिविर रिद्धि सिद्धि मंडल के वार्ड नंबर 79 कृष्णा विहार गोपालपुरा बायपास पर शानदार आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** दिनांक 8 मार्च को वार्ड 79 स्थित कृष्णा नगर पार्क में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी की प्रेरणा से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक भव्य निःशुल्क बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में वार्ड के निवासियों, कॉलोनीवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों ने बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ भाग लेते हुए अपनी तथा अपने परिवारजनों की स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं उपचार सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर रिद्धि सिद्धि मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपा नाथावत जी उपस्थित रहीं। मंडल और बाढ़ के सभी सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे

मंडल उपाध्यक्ष अनुज व्यास जी ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 708 व्यक्तियों ने चिकित्सा परामर्श एवं उपचार सेवाओं का लाभ लिया। साथ ही 23 महिलाओं की ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग कर उन्हें समय पर जांच एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जोडने का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त विशेष योग्यजनों (दिव्यांगजनों) को उनकी आवश्यकता के अनुसार 34 सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें व्हीलचेयर, वॉकर एवं वॉकिंग स्टिक जैसे उपकरण शामिल रहे, जिससे उनके दैनिक जीवन को अधिक सुगम बनाने में सहायता मिलेगी।

कैलाश नद किशोर शर्मा ने बताया कि महिला दिवस के उपलक्ष में शिविर के दौरान मंडल उपाध्यक्ष अनुज व्यास जी ने कैंप में मौजूद श्रीमती दीपा नाथावत जी का वोमानिया 2026 का सैश पहनाकर सम्मान किया एवं वहां मौजूद सभी महिलाओं का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया।

इस मौके पर सुशीला सारस्वत, गीता सैनी, वीरबाला पारीक, सुनील गोड़, मनोज चौहान, छोटू कुमावत, ताराचंद सैनी, महेंद्र बागड़ी, देवेश गुप्ता, आलोक गुप्ता, आकाश गुर्जर, कृष्णा नगर विकास समिति से हरीश गुप्ता,देवेंद्र शर्मा जी उपस्थित रहे।

कृष्णा नगर विकास समिति के पदाधिकारियों ने इस जनहितकारी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण, रोगों की प्रारंभिक जांच तथा जनस्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए इस प्रकार के शिविर अत्यंत सराहनीय एवं दूरदर्शी पहल है।

# श्याम मेले में बेहतरीन व्यवस्था करने पर श्री श्याम मंदिर कमेटी का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** शहर में लगने वाले श्री श्याम मेले में बेहतरीन व्यवस्था करने पर शहर की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था युवा विकास मंच ने श्री श्याम मंदिर कमेटी का सम्मान किया। मंच के उपाध्यक्ष सतीश जांगिड़ ने बताया कि इस बार फागुन मेले में श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में शहर के प्राचीन श्री श्याम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बहुत ही बेहतरीन एवं शानदार व्यवस्था की गई। इन व्यवस्थाओं से श्री श्याम श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। मंदिर में इस बार अनेक नवाचार किए गए थे जिससे श्रद्धालुओं को बहुत सुगम दर्शन हुए। श्याम मंदिर कमेटी की बेहतरीन व्यवस्थाओं से प्रभावित शहर के अग्रणी संस्था युवा विकास मंच ने मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान को दुपट्टा साफा एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर सभी सदस्यों का दुपट्टा पहन कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवा विकास मंच अध्यक्ष आर्यन पारीक, कोषाध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व सचिव महावीर जोशी, विशाल सितमका, सहित अनेक लोगउपस्थित थे। मंच संचालन मंच के पूर्व अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने किया।

## एबीवीपी ने आयोजन किया 'नारी तू नारायणी' संगोष्ठी

# वर्तमान में महिला सशक्तिकरण से आगे बढ़कर महिला-नेतृत्व वाले विकास की दिशा में देश : अंजलि चौरसिया

बढ़ता राजस्थान



**सीकर (नि.स.)।** दिनांक 09 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) सीकर द्वारा नारी तू नारायणी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन भारतीय गर्ल्स कॉलेज, सीकर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सहायक आचार्य डॉ. सुलोचना महला ने अपने उद्बोधन में प्राचीन काल से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति, ज्ञान और संस्कार का प्रतीक माना गया है। इतिहास में अनेक महिलाओं ने समाज, शिक्षा, राजनीति और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज के समय में भी महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता से समाज को नई दिशा दे रही हैं। मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप जयपुर प्रांत की प्रांत छात्रा प्रमुख अंजलि चौरसिया ने अपने संबोधन में विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्राओं के सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अभाविप द्वारा मिशन साहसी और ऋतुमती अभियान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव छात्राओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि नेहा वर्मा ने वर्तमान संदर्भ में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त और आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में अभाविप प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नंदिनी खंडेलवाल ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और उपस्थित छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अंकित चौधरी, कनिष्का शर्मा, सतवीर लोयल आदि कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर परिषद, टोंक**

क्रमांक :–न.प.टोंक/निर्माण/2025–26/15412 दिनांक :– 05.03.2026

**निविदा सूचना – 93/2025–26 (NIB No. DLB2526B2452)**

नगर परिषद टोंक क्षेत्र में होने वाले विभिन्न निर्माण/विकास कार्यो हेतु इच्छुक बोलीदाओं से दिनांक 16.03.2026 दोपहर 1.00 बजे तक विक्रय की जावेगी। अन्य विवरण व शर्ते www.Sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.-(DLB2526WSOB36907)

राज.संवाद/सी/25/21943

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक

**राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, किसान भवन लालकोठी वृत्त-जयपुर

क्रमांक :- 442 दिनांक :- 05/03/2026

**अल्पकालीन बिड आमंत्रण सूचना संख्या 07/2025-26**

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड– जयपुर द्वितीय, जयपुर टी.एम, भरतपुर, कोटा, अजमेर एवं सुमेरपुर के अन्तर्गत आईटीआई संस्थान भवन निर्माण, राजकीय कृषि महाविद्यालय कामां (डीग) एवं कन्या छात्रावास दूदू (जयपुर) हेतु ऑन–लाईन बिड ई–प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb, www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb पर भी देखा जा सकता है। जिसका UBN No AGM2526WSOB/LOB01639 से UBN No AGM2526WSOB/LOB01648 है।

राज.संवाद/सी/25/22034

अधीक्षण अभियंता, वृत्त-जयपुर

**राजस्थान सरकार**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें**
**प्रपत्र - 7**
**(अतर्गत भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदशिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम सख्या 30) की धारा 11 (1) एव राजस्थान नियम 16 (1))**
**प्रारंभिक अधिसूचना**

क्रमांक संख्या: दिनांक :

चूंकि ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन के लिए राजस्थान राज्य के टोंक जिले में देवली से जयपुर वाया बिसलपुर और टोडारायसिंह कस्बों को जोड़ने के लिये बनास नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण (लगभग 1.513 कि.मी.) के निर्माण हेतु कुल 4. 2100 हैक्टेयर भूमि अपेक्षित है। सामाजिक समाघात मूल्यांकन अध्ययन (एसआईए) का कार्य मेसर्स थोट कंसल्टेंट्स, जयपुर प्रा. लि. द्वारा किया गया था। एस.आई.ए. अध्ययन की रिपोर्ट का मूल्यांकन नियम 16 के अन्तर्गत सरकार द्वारा गठित बहुउद्देशीय कमेटी द्वारा किया गया जिसे सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था।

1. अधिसूचित भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन अधिनियम 2013 ( अधिनियम संख्या 30/2013) में उचित क्षतिपूर्ति और पारदर्शिता के अधिकार की धारा 11 (1) के तहत की गई है।
2. राज्य सरकार उन समस्त अधिकारीयों को, जिनका इससे संबंध है, को ईलाके में किसी भी भूमि का सर्वे, नाप व लेवल के लिए प्रवेश करने, भूमि के नीचे मिट्टी की जांच के लिए बोर करने या परियोजना के क्रियान्वयन व उचित निर्माण के लिए अधिनियम की धारा 12 के अन्तर्गत वर्णित प्रावधानों के अनुसार प्राधिकृत किया जाता है।
3. भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 (4) के अनुसार कोई भी व्यक्ति ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख पर अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों को पूरा हो जाने के समय तक प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) देवली, जिला-टोंक की अनुमति के बिना कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार कराएगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।
4. उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिवस के भीतर अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत अधिग्रहण के संबंध में आपत्ति भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) देवली, जिला टोंक के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा।

**विवरण**

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड -मालपुरा जिला-टोंक (राज.) राजस्थान राज्य के टोंक जिले में देवली से जयपुर वाया बिसलपुर और टोडारायसिंह कस्बों को जोड़ने के लिये बनास नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण (लगभग 1.513 कि.मी.) के निर्माण हेतु कुल 4.2100 हैक्टेयर भूमि की अवाप्ति हेतु धारा-11 एवं धारा-12 की कार्यवाही बाबत प्रस्ताव।

DIPR/C/4640/2026

संयुक्त सचिव (पथ)
सार्वजनिक निर्माण विभाग

## सम्पादकीय

# संकट बढ़ाता युद्ध, तेल के खेल से बिगड़ सकती है दुनिया की अर्थव्यवस्था



अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान के खिलाफ छेड़े गए युद्ध के तेज होने के बीच कच्चे तेल की कीमतें जिस तरह सौ डालर पार कर गईं, उससे विश्व अर्थव्यवस्था के समक्ष संकट गहराता जा रहा है। चूंकि ईरान अमेरिकी और इजरायली हमलों का जवाब देने के क्रम में खाड़ी के देशों पर भी हमले कर रहा है, इसलिए पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति और बाधित होने की ही आशंका है। इस क्षेत्र से तेल एवं गैस की आपूर्ति जिस होर्मुज समुद्री मार्ग से होती है, वह ठप है। फिलहाल इसके संकेत नहीं कि इस जल मार्ग से तेल और गैस टैंकर गुजर सकते हैं। यदि पश्चिम एशिया युद्धग्रस्त बना रहा तो तेल और गैस के साथ उर्वरकों के भी दाम बढ़ सकते हैं। इजरायल और विशेष रूप से अमेरिका को इसका आभास होना चाहिए था कि ईरान को निशाना बनाने की स्थिति में वह होर्मुज जल मार्ग बंद कर सकता है और इससे पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति थम जाएगी, जिसके नतीजे में तमाम देशों के समक्ष संकट खड़ा हो जाएगा। समझना कठिन है कि अमेरिका ऐसे उपाय क्यों नहीं कर सका, जिससे पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति थमने न पाती। वह अब भी ऐसे उपायों के बारे में नहीं सोच रहा है और उलटे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप तेल के बढ़ते दामों से बेफिक्र दिख रहे हैं। उनका यह कहना घोर गैर जिम्मेदाराना ही है कि ईरान को परमाणु मुक्त करने के लिए वे यह 'छोटी कीमत' चुकाने को तैयार हैं।

ट्रंप एक ओर खुद को विश्व व्यवस्था की दशा-दिशा तय करने वाले स्वयंभू नेता के तौर पर प्रदर्शित करते हैं और दूसरी ओर उसे खतरे में डालकर भी बेपरवाही दिखा रहे हैं। अब तो ऐसा भी लगता है कि उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमता और वहां की आंतरिक स्थितियों का ढंग से आकलन किए बिना ही उस पर हमला बोल दिया। इजरायल-अमेरिका यह मानकर चल रहे थे कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई के मारे जाते ही वहां आसानी से सत्ता परिवर्तन हो जाएगा और ईरानी सेना एक सीमा से अधिक प्रतिरोध नहीं कर पाएगी, पर फिलहाल ऐसा कुछ होता दिख नहीं रहा है। ईरान ने खामेनेई से कहीं अधिक कट्टर माने जाने वाले उनके बेटे मोजतबा को अपना नया सर्वोच्च नेता चुनकर यही संकेत दिया कि वहां सत्ता परिवर्तन होने नहीं जा रहा है। ईरानी सेना भी कहीं अधिक आक्रामक क्षमता दिखा रही है। वह इजरायल को निशाना बनाने के साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के अतिरिक्त वहां के तेल एवं नागरिक क्षेत्रों में भी हमले करने में समर्थ है। उसकी मारक क्षमता यही बता रही कि वह हार मानने के बजाय पश्चिम एशिया को भी इस युद्ध में घसीट लेना चाहती है। यदि ऐसा हुआ तो दुनिया का संकट और बढ़ेगा और इसकी चपेट में अमेरिका भी आएगा।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

- 10 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1876 - ग्राहम वेल ने पहली बार टेलिफोन पर अपने मित्र से बात की। उन्होंने अपने मित्र से कहा कि मेरी आवाज़ सुनो, मैं एलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल।
- 1922 -
- महात्मा गांधी गिरफ्तार किए गए, राजद्रोह का आरोप, छेह वर्षों की क़ैद, परन्तु दो वर्ष बाद रिहा किए गए।
- चीन द्वारा परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर।
- 1945 - माधवराव सिंधिया, कांग्रेस के नेता
- 1998 - इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुहार्तो लगातार सातवीं बार राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित।
- 2002 - फ़िलिस्तीन के राष्ट्रपति यासर अराफात के आने-जाने पर लगा प्रतिबंध हटा, पाकिस्तान ने दक्षेस गृह मंत्रियों के सम्मेलन का प्रस्ताव रखा।
- 2003 - उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया, संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान ने सुरक्षा परिषद के सदस्यों से आग्रह किया कि वे इराक के निरस्त्रीकरण के बारे में अपने मतभेदों को दूर करें और कोई आम राय क़ायम करें।
- 2006 - पाकिस्तान के क्वेटा शहर में बारूदी सुरंग विस्फोट में 26 मारे गये।
- 2007 - यूक्रेन के वैसिलीइवानचुक को हराकर विश्वनाथन आनन्द शतरंज में प्रथम स्थान पर पहुँचे।
- 2008 -
- माणिक सरकार की अगुवाई में त्रिपुरा में पुन: लेफ़्ट फ्रंट ने सत्ता संभाली। वरिष्ठ काँग्रेस नेता डी. डी. लपांग ने मेघालय के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- मलेशिया के अब्दुल्ला बदावी देश के पुन: प्रधानमंत्री बनें।
- 2010 - भारतीय संसद की ऊपरी सदन राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया।
- 2017- दक्षिण कोरिया की राष्ट्रपति पार्क ग्यून-हाय को संवैधानिक कोर्ट ने पद से हटा दिया।
- 2018 - श्रीलंका में साम्प्रदायिक दंगों में अब तक दो लोगों की मृत्यु, दस घायल।

## विशेष आलेख

# जेब में पलता अदृश्य ज़हर: सोशल मीडिया और युवा मन का संकट



प्रो. आरके जैन

कभी मानव सभ्यता को खतरा बाहरी प्रदूषणों से था धुएँ से, प्लास्टिक से, रसायनों से। पर आज सबसे घातक प्रदूषण हमारी जेब में रखा हुआ हैमोबाइल की चमकती स्क्रीन और उस पर दौड़ती सोशल मीडिया की दुनिया। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, पर मन और चेतना को भीतर से क्षीण कर देता है। यह शरीर को नहीं, आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आशा को खा जाता है। यही कारण है कि बीते कुछ वर्षों में युवाओं में अवसाद, अकेलापन और आत्महत्या की घटनाओं के पीछे सोशल मीडिया की भूमिका तेजी से चर्चा में आई है। यह तकनीक सुविधा का साधन बनकर आई थी, लेकिन अनियंत्रित उपयोग ने इसे मानसिक विष में बदल दिया है।

सोशल मीडिया का सबसे गहरा असर युवा मन की तुलना करने की प्रवृत्ति पर पड़ता है। यह मंच एक ऐसा आभासी संसार रच देता है जहाँ हर व्यक्ति अपनी जिंदगी का सबसे चमकदार पक्ष ही दिखाता है। महंगी कारें, शानदार यात्राएँ, आकर्षक चेहरे और लगातार मिलती सफलता—इन दृश्यों को देखकर एक सामान्य युवा अनजाने में स्वयं को असफल समझने लगता है। उसे लगने लगता है कि बाकी सब लोग जीवन की दौड़ में उससे बहुत आगे निकल चुके हैं। यही निरंतर तुलना धीरे-धीरे आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है और व्यक्ति को भीतर से तोडने लगती है।

मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि सोशल मीडिया पर मिलने वाली प्रतिक्रिया लाइक, कमेंट और शेयर एक प्रकार की मनोवैज्ञानिक लत पैदा करती है। हर बार जब किसी पोस्ट पर प्रतिक्रिया मिलती है, तो मस्तिष्क में डोपामिन नामक रसायन सक्रिय होता है, जो क्षणिक खुशी देता है। लेकिन यही खुशी व्यक्ति को बार-बार उसी प्रतिक्रिया की तलाश में बाँध देती है। जब अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो निराशा और बेचैनी बढ़ जाती है। धीरे-धीरे यह मानसिक निर्भरता व्यक्ति के आत्मसम्मान को पूरी तरह बाहरी स्वीकृति पर आश्रित बना देती है।

इस समस्या का दूसरा गंभीर पक्ष है साइबर बुलिंग। सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी, लेकिन इसके साथ ही अपमान और उत्पीडन के नए रास्ते भी खोल दिए। गुमनाम पहचान के पीछे छिपकर लोग दूसरों का मजाक उड़ाते हैं, अपमानजनक टिप्पणियाँ करते हैं या निजी तस्वीरों को वायरल कर देते हैं। किशोर और युवा उम्र में आत्मसम्मान बेहद संवेदनशील होता है; ऐसे में सार्वजनिक अपमान मानसिक आघात बन जाता है। कई मामलों में यह अपमान इतना गहरा होता है कि पीडित युवा स्वयं को समाज के सामने असहाय महसूस करने लगता है।

एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि सोशल मीडिया युवाओं के वास्तविक संबंधों को कमजोर कर रहा है। पहले दुख या तनाव के समय व्यक्ति परिवार, मित्रों या समाज के बीच समाधान खोजता था। अब वही व्यक्ति अपनी भावनाएँ स्क्रीन पर उकेर देता है। लेकिन वर्चुअल दुनिया में संवेदनशीलता का स्थान अक्सर प्रतिक्रिया और मनोरंजन ने ले लिया है। कई बार गंभीर पीड़ा को भी लोग हल्के में लेते हैं या उसे मजाक बना देते हैं। परिणामस्वरूप पीडित व्यक्ति और अधिक अकेला महसूस करता है।

डिजिटल लत का प्रभाव युवाओं की दिनचर्या पर भी स्पष्ट दिखाई देता है। देर रात तक मोबाइल पर सक्रिय रहने से नींद प्रभावित होती है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। नींद की कमी से चिड़चिड़ापन, चिंता और ध्यान की कमी बढ़ती है। पढ़ाई, करियर और सामाजिक जीवन पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। जब व्यक्ति बार-बार असफलता या असंतुलन महसूस करता है, तो उसके भीतर निराशा की भावना और गहरी होने लगती है।

सोशल मीडिया की एक और खतरनाक प्रवृत्ति है परफेक्ट लाइफ का भ्रम। यह मंच वास्तविक जीवन की जटिलताओं को छिपाकर केवल आकर्षक क्षणों को सामने लाता है। संघर्ष, असफलता और साधारण जीवन के पल लगभग गायब रहते हैं। परिणामस्वरूप देखने वाले युवाओं को लगता है कि बाकी सभी लोग खुश और सफल हैं, केवल वही संघर्ष कर रहे हैं। यही भ्रम धीरे-धीरे आत्मसम्मान को कमजोर करता है और जीवन के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करता है।

हाल के वर्षों में कई देशों में किए गए अध्ययन यह संकेत देते हैं कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग और युवाओं में बढ़ती मानसिक समस्याओं के बीच स्पष्ट संबंध दिखाई देता है। चिंता, अवसाद, आत्महीनता और अकेलापन—ये सभी समस्याएँ अनियंत्रित सोशल मीडिया उपयोग से और बढ़ सकती हैं। जब व्यक्ति लगातार आभासी दुनिया में डूबा रहता है, तो वास्तविक जीवन की चुनौतियों से जूझने की उसकी क्षमता धीरे-धीरे कमजोर पडने लगती है।

इस समस्या का समाधान केवल तकनीक से दूरी बनाने में नहीं, बल्कि उसके विवेकपूर्ण उपयोग में छिपा है। युवाओं को यह समझाना आवश्यक है कि सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली दुनिया पूरी सच्चाई नहीं होती। यह जीवन का केवल चुना हुआ और सजाया हुआ हिस्सा होता है। यदि युवा इस अंतर को समझ लें, तो वे तुलना और निराशा के जाल से बच सकते हैं। इसके साथ ही डिजिटल अनुशासन भी उतना ही आवश्यक है—सीमित समय तक उपयोग, नियमित विश्राम और वास्तविक जीवन की गतिविधियों में भागीदारी। परिवार और शिक्षा संस्थानों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। माता-पिता को बच्चों के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए और उनकी भावनात्मक स्थिति को समझने का प्रयास करना चाहिए। विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य और डिजिटल साक्षरता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि युवा ऑनलाइन दुनिया के खतरों को पहचान सकें। यदि समाज समय रहते संवेदनशीलता और समर्थन का वातावरण बना सके, तो कई दुखद घटनाओं को रोका जा सकता है।

आज आवश्यकता है कि समाज इस अदृश्य खतरे को गंभीरता से समझे। प्लास्टिक पर्यावरण को प्रदूषित करता है, लेकिन सोशल मीडिया का असंतुलित प्रभाव मन और विचारों को प्रदूषित कर सकता है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

# पतझड़ की चादर ओढ़े महाविद्यालय, बसंत की आहट का इंतजार

*वृक्षों की टहनियों से गिरकर जमीन पर बिखरी ये पत्तियां ऐसे प्रतीत होती हैं जैसे प्रकृति स्वयं किसी परिवर्तन की तैयारी कर रही हो। महाविद्यालय का लगभग पूरा परिसर इन दिनों सूखी पत्तियों से आच्छादित नजर आता है।*



अनिल सिखवाल,ब्यावर

**सार**
होली के बाद बढ़ती गर्मी के बीच सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय ब्यावर का परिसर सूखी पत्तियों से आच्छादित, परीक्षाओं के बीच प्रकृति का अनोखा दृश्य

होली के रंग अभी पूरी तरह फीके भी नहीं पड़े कि शहर में गर्मी का प्रचंड असर महसूस होने लगा है। इसी के साथ सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर का परिसर इन दिनों प्रकृति के एक अनोखे रूप का साक्षी बन गया है। महाविद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर पूरे परिसर तक सूखी पत्तियों की परतें बिछी हुई दिखाई देती हैं, जो मानो पतझड़ की मौन कहानी बयां कर रही हों। हवा के हल्के झोंकों के साथ उड़ती हुई ये सूखी पत्तियां परिसर को एक अलग ही सौंदर्य प्रदान कर रही हैं। वृक्षों की टहनियों से गिरकर जमीन पर बिखरी ये पत्तियां ऐसे प्रतीत होती हैं जैसे प्रकृति स्वयं किसी परिवर्तन की तैयारी कर रही हो। महाविद्यालय का लगभग पूरा परिसर इन दिनों सूखी पत्तियों से आच्छादित नजर आता है,



जिसे देखकर ऐसा लगता है मानो पतझड़ ने यहां अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज करा दी हो दरअसल यह प्रकृति का वह समय है जब पुराने पत्ते गिरकर नए जीवन के लिए स्थान बनाते हैं। पेड़ों की टहनियों से गिरी ये पत्तियां मानो बसंत के आगमन का इंतजार कर रही हों, ताकि कुछ ही समय बाद वही वृक्ष फिर से हरे-भरे होकर जीवन का नया संदेश दे सकें।

दिलचस्प बात यह है कि इस प्राकृतिक दृश्य के बीच महाविद्यालय में इन दिनों विश्वविद्यालय की परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं। परीक्षा देने आने वाले छात्र-छात्राएं भी इस अनोखे वातावरण को महसूस कर रहे हैं।

एक ओर परिसर में उड़ती सूखी पत्तियां प्रकृति के परिवर्तन की कहानी कह रही हैं, तो दूसरी ओर परीक्षा हॉल में बैठे विद्यार्थी अपने भविष्य की नई शुरुआत लिखने में जुटे हैं।

इस प्रकार सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर इन दिनों पतझड़ की शांत सुंदरता और विद्यार्थियों के सपनों के बीच एक अनोखा संगम बन गया है जहां प्रकृति भी परिवर्तन का संदेश दे रही है और युवा पीढ़ी भी नए भविष्य की ओर कदम बढ़ा रही है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### एन-ओ-सी

एन ओ सी की फुलफोम बता दूं यदि नहीं पता हो तो। एनओसी मतलब नो ऑबजेक्श्र सर्टिफिकट या अनापत्ति प्रमाण पत्र। अब यहां लेखक किस एनओसी की बात कर रहा है। यहां किसी विभाग से एनओसी जारी करने की बात नहीं कर रहा हूं मैं,वो तो आप ले देकर एनओसी कबाड़ ही लोगे। मैं तो उस एनओसी की बात कर रहा हूं जो आपके कर्म, चरित्र और आपके व्यवहार से ऊपर वाला बनाता है। वहां ले देकर भी काम नहीं चलता है शायद इसलिए वहां मरने के बाद इंसान हमेशा ऐसे ही आत्मा के रूप में भटकते रहता है। वहां की एनओसी हमारे शास्त्रों में उल्लेखित है। सनातन संस्कृति के गरूड़ पुराण में इसका पूरा



उल्लेख है कि मरने के बाद जीवात्मा कहां-कहां जाती है। मानव शरीर के द्वारा किए गए कर्मो के आधार पर हमें एनओसी दी जाती है। वरना उस महाशक्ति को हमेशा आपत्ति ही रहती है क्योंकि हमें जिस कार्य के लिए नीचे भेजा जाता है हम उसे कर ही नहीं पाते बल्कि किसी ओर झमेले में अटक जाते हैं और एनओसी ले ही नहीं पाते क्यों कि उस महाशक्ति ने इंसान को एनओसी लेने के अनेक रास्ते बनाए हैं लेकिन ये दो पाँव के जानवर कहीं अपना फायदा देख कायदा बदल देता है ऐसे में एनओसी मिल ही नहीं पाती। जबकि चार पाँव के जानवर की स्वतः ही एनओसी बन जाती है जबकि ना उसके लिए कोई स्कूल खोले गए हैं ना ही उन्हे कोई पण्डित या मौलवी से धर्म की शिक्षा दिलवाई जाती है फिर भी वो अपना धर्म निभाकर एनओसी साथ लेकर जाते हैं। ये दो पाँव का जानवर जीवन भर प्रमाण पत्र के रूप में कागज के टुकड़े एकत्र करता रहता है और अगले जन्म की तारीख तक एनओसी नहीं मिलने और तलपट नहीं बनने के कारण बाहर ही खड़ा रहता है.........

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,अलवर संस्करण**

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# कहीं आप भी तो नहीं खा रहे नकली केला? इन आसान तरीकों से करें असली और नकली केले की पहचान

पानी से करें पहचान- केले की पहचान पानी से की जा सकती है। इसके लिए एक बर्तन में पानी भरें और उसमें केला डालें। अगर केला नीचे बैठ जाता है, तो वह सामान्य रूप से पका हुआ हो सकता है। लेकिन अगर केला ऊपर तैरने लगे, तो संभावना है कि उसे केमिकल से पकाया गया हो।

**छिलके का रंग और धब्बे से पहचानें**

प्राकृतिक रूप से पके केले के छिलके पर छोटे-छोटे भूरे धब्बे दिखाई देते हैं। यह संकेत है कि केला धीरे-धीरे और



समान रूप से पका है। वहीं, केमिकल से पके केले अक्सर ऊपर से एकदम पीले और चमकदार दिखते हैं, लेकिन उन पर प्राकृतिक धब्बे कम होते हैं। डंठल (ऊपरी हिस्सा) देखें अगर केले का डंठल हल्का काला या सूखा दिखाई दे, तो यह संकेत है कि वह प्राकृतिक रूप से पका है। लेकिन अगर डंठल का रंग हरा है, तो समझ लें कि इसे कार्बाइड से पकाया गया है। इसे ना खरीदें।

**नकली केला खाने के नुकसान**

नकली या केमिकल से पके केलों का सेवन लंबे समय में नुकसान पहुंचा सकता है। इससे पेट दर्द, गैस, ब्लोटिंग या पाचन से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। कुछ मामलों में त्वचा पर एलर्जी या जलन की शिकायत भी हो सकती है। इसलिए केला खरीदते समय उसके रंग, बनावट और डंठल पर जरूर ध्यान दें।




**मेष**
आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आपके और आपके साथी के बीच समझ और भरोसा पहले से ज्यादा मजबूत होगा, जिससे रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए खुशियों और संतोष से भरा रहने वाला है। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए आज कोई अच्छी डील फाइनल हो सकती है, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपने जो मेहनत की है।

**मिथुन**
आज आप अपने काम और प्रतिभा से कार्यक्षेत्र में लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी रचनात्मक सोच और नए विचारों की वजह से लोग आपकी सराहना करेंगे।

**कर्क**
आज आपके मन में कुछ उलझनें बनी रह सकती हैं, जिसके कारण आप थोड़ा परेशान महसूस कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में कोई भी निर्णय लेने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करना जरूरी होगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और उत्साह से भरा रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों को अपने अच्छे कामों के लिए प्रोत्साहन और सराहना मिल सकती है।

**कन्या**
आज ग्रहों की विशेष कृपा आप पर बनी रहेगी और दिन सुखद तरीके से व्यतीत होगा। रोजमर्रा की दिनचर्या में कुछ बदलाव लाने के लिए आप नए नियम बना सकते हैं।

**तुला**
आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता काफी मजबूत रहेगी और आप सही समय पर सही फैसला लेने में सफल रहेंगे। आप अपनी आय को बढ़ाने के नए अवसरों पर भी ध्यान देंगे और भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाएंगे।

**वृश्चिक**
परिवार और करियर के मामले में आज का दिन अच्छा रहने की संभावना है। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात लाभदायक और सम्मानजनक रहेगी। किसी मित्र या संबंधी के साथ कोई डील हो सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने कामों को लेकर काफी प्रेरित और सक्रिय महसूस करेंगे। प्रेम संबंधों में भी एक नई शुरुआत हो सकती है।

**मकर**
आज का दिन आपको जिम्मेदारी के साथ अपने कामों को निभाने की प्रेरणा देता है। यदि आपको कोई पुरानी बीमारी परेशान कर रही थी, तो उसे ठीक करने के लिए आपको गंभीरता से प्रयास करने होंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सामाजिक क्षेत्र में नाम और सम्मान कमाने का अवसर लेकर आएगा। आप समाज से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहेंगे और लोगों के बीच आपकी पहचान मजबूत होगी।

**मीन**
आज का दिन स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है और आप खुद को पहले से अधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ आपका भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा और आप दोनों एक-दूसरे की भावनाओं को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

## खौफः खनन विभाग की टीम पर बजरी माफिया का हमला, होमगार्ड की राइफल ने बचाई जान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** पुराने शहर की गलियों में रविवार सुबह ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने लोगों को दहला दिया। खनन विभाग की टीम बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर थाने ले जा रही थी। तभी शहर भैरू दरवाजे के पास अचानक एक बोलेरो कार आई और उसमें सवार चार-पांच बदमाशों ने सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। हालांकि बदमाश कोई नुकसान पहुंचाते उससे पहले ही बॉर्डर होमगार्ड ने राइफल तान दी। इससे बदमाश भाग गए। आरोपी भागते-भागते ट्रॉली से बजरी सडक़ पर फैला गए।

### लोगों में बना रहा डर

भैरू दरवाजा निवासी लोगों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे रामद्वारा पर ट्रैक्टर पकड़ा गया था। जब उसे थाने लाया जा रहा था तभी हमला हुआ। यह घटना आबादी वाले इलाके में हुई, जिससे बच्चों और महिलाओं में डर का माहौल बन गया।

### कोतवाली थाने में सौंपी शिकायत

खनन विभाग की टीम किसी तरह ट्रैक्टर कोतवाली थाने पहुंचाने में सफल रही, जहां जब्ती की कार्रवाई की। विभाग ने थाने में शिकायत दी है। लेकिन उच्च अधिकारी इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। फोरमेन देशराज मीणा ने सिर्फ इतना कहा कि 'राइफल तानी गई थी, चलाई नहीं गई।' इसके बाद उन्होंने फोन काट दिया और दोबारा संपर्क करने पर जवाब नहीं दिया। माफिया के हौसलें बुलंद जिले में प्रशासनिक व खनिज विभाग की अनदेखी से बजरी माफिया के हौसलें बुलंद है। अब आबादी वाले इलाके में खुलेआम हमला कर रहे है। ऐसे में टीम की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे है। घटना के दौरान यदि होमगार्ड न होता तो क्या होता। उधर, इस मामले में खनिज विभाग के अधिकारी भी बचते नजर आ रहे है।

### इनका कहना है

खनन विभाग की टीम बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर थाने ले जा रही थी। तभी भैरू दरवाजे के पास एक कार में सवार चार-पांच बदमाशों ने सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। उनका इरादा ट्रैक्टर छुड़वाना था। इसके बाद खनन विभाग ने टीम ने थाने में शिकायत सौंपी है।

**मदनलाल मीणा, थानाधिकारी, कोतवाली सवाईमाधोपुर**

## रमेश चन्द काला बने भारत विकास परिषद टोंक के अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** भारत विकास परिषद टोंक का होली मिलन जैन फन जोन एंड फूड कार्नर जयपुर रोड़ टोंक में किया गया । इसी दिन सत्र 2026-27 के लिए नवीन दायित्वधारियों द्वारा अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व महिला प्रमुख का चुनाव भी चुनाव अधिकारी जिला कॉर्डिनेटर राज कुमार जैन एडवोकेट मालपुरा के निर्देशन में किया गया। सर्व सम्मति से रमेश चन्द काला को अध्यक्ष, राधेश्याम शर्मा को सचिव, राम प्रसाद शर्मा को कोषाध्यक्ष एवं रेखा जाजू को महिला प्रमुख चुना गया । इस अवसर पर प्रांतीय प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक कासलीवाल एवं जिला समन्वयक राज कुमार जैन का मार्ग दर्शन मिला। मंच संचालन महेश शर्मा द्वारा किया गया।

## अवैध हुक्काबार छापामार कार्यवाही में छः व्यक्ति गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला स्पेशल टीम द्वारा कोतवाली क्षैत्र में अवैध हुक्काबार छापामार कार्यवाही करते हुए छः व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। जिला स्पेशल टीम के ओम प्रकाश ने बताया कि हैड कानि. शरीफ मो., कानि. शिवपाल, प्रधान, रुकमकेश, राधाकिशन, राजेश कुमार एवं राधामोहन द्वारा टोंक शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र में चल रहे हैं अवैध हुक्का बार पर छापामार कार्रवाई करते हुए मौके से 6 व्यक्ति हुका बार संचालक मुद्दवीर पुत्र सिराज निवासी शेर अली खान की गली कोतवाली, मोहम्मद अनस पुत्र वाहिद (23) निवासी रजबन कोतवाली, अनस पुत्र वहीदुद्दीन खान निवासी काली पलटन, इरफान पुत्र जमील निवासी पुरानी टोंक, शहजान पुत्र रईस निवासी पुरानी टोंक एवं हबीब पुत्र बुरखान मोहम्मद निवासी रजबन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच फ्लेवर युक्त हुक्के, 5 चिलम, छह मोबाइल, 4 हजार 500 रुपए नगद राशि, चार मोटरसाइकिले जप्त की गई।

## बजट घोषणाएं : समयबद्ध क्रियान्वयन और जन शिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** बिजली, पानी, सडक़, शिक्षा, चिकित्सा, सम्पर्क पोर्टल, बजट घोषणाओं सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने वर्ष 2026 में की गई बजट घोषणाओं के नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से समयबद्ध क्रियान्वयन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवादों का संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को परिवादियों से वार्ता कर वास्तविक स्थिति की जांच करने तथा पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, मानवाधिकार आयोग कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों एवं 60 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषप्रद त्वरित राहत दिलवाने एवं इसकी निस्तारण रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भिजवाने के लिए कहा। जिसमें जबावदेही संवेदनशीलता, पारदर्शिता तथा नागरिक संतुष्टि पर विशेष बल दिया जा सके।

**समर कंटीजेंसी प्लान तैयार करने के निर्देश :** जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम में संभावित जल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते हुए समर कंटीजेंसी प्लान को पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ तैयार किया जाए तथा उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी बीएस मीना, एडीपीसी समसा दिनेश गुप्ता सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वर्ण-चांदी की महंगाई का असरः आयुर्वेदिक औषधियों हुईं महंगी, दंत चिकित्सक भी प्रभावित

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सोने-चांदी की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से अब चिकित्सक भी परेशान हैं। सोने-चांदी की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर आयुर्वेद चिकित्सा पर पड़ रहा है। जिससे स्वर्ण/रजत भस्म युक्त 50 से अधिक दवाएं 30 से 50 प्रतिशत तक महंगी हो गई हैं। स्वर्ण भस्म, च्यवनप्राश और अन्य कीमती दवाएं अब आम मध्यमवर्गीय मरीजों की पहुंच से दूर हो रही हैं। इसका असर यह है कि अब लोग इन महंगी दवाओं को खरीदने से कतराने लगे हैं, जिससे इनकी बिक्री में भी गिरावट दर्ज की गई है। जबकि आयुर्वेद चिकित्सक भी आवश्यकतानुसार इनका परामर्श दे पा रहे है। आयुर्वेद में जटिल एवं दीर्घकालिक रोगों में स्वर्ण भस्म व रजत भस्म युक्त दवाओं को प्रभावी माना जाता है। पूर्व में इन दवाओं की मांग अधिक रहती थी, लेकिन कीमतों में तेजी आने से अब आम मरीजों के लिए इन्हें खरीद पाना कठिन हो गया है। ऐसे में कई मरीज बिना धातु मिश्रित दवाओं से ही उपचार कराने को मजबूर है। वहीं डॉक्टर अब कष्टसाध्य रोगी को उपचार के लिए इन दवाओं की जगह वैकल्पिक दवाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### ऐसे बढ़े इनके दाम

एक आयुर्वेदिक दवा विक्रेता ने बताया कि लगातार बढ़ रहे सोने-चांदी के भाव के चलते स्वर्ण, रजत व हीरा भस्म समेत अन्य रसों की दवाओं के दाम 30 से 50 प्रतिशत तक बढ़ गए है। वर्तमान स्थिति में स्वर्ण व रजत भस्म युक्त दवाएं मुख्य रूप से संपन्न वर्ग के लोग ही ले पा रहे है।

उन्होंने बताया कि स्वर्ण भस्म पहले 3400 रुपए की आती थी, अब यह बढक़र 4140 से 4250 रुपए की मिल रही है। जबकि रजत भस्म पहले 660 रुपए की मिलती थी, जो अब बढक़र 880 रुपए एवं हीरा भस्म 100 एमजी की पहले 1100 रुपए की मिल रही थी,जो अब 1400 रुपए की मिल रही है। इसके अलावा अन्य दवाएं जिनके भी दाम बढ़े है।

### इन बीमारियों में सार्थक आयुर्वेद चिकित्सा, दवाओं की निर्माण लागत बढ़ी

ये दवाएं गठिया, मनोरोग, लकवा, फेफड़ों की बीमारी, नजला, डायबिटीज, टाइफाइड, एसीडीटी, पेट संबंधी रोग, हृदय रोग, ब्रैन हेमरेज सहित कई गंभीर बीमारियों में उपयोगी मानी जाती हैं।

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा बताते है कि जटिल और कष्टसाध्य रोगों में प्रयुक्त अधिकांश औषधियों में सोने और चांदी की भस्म का उपयोग होता है। ये भस्म एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य कर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होती है।

सोना-चांदी महंगे होने से इनके निर्माण की लागत बढ़ी है, जिसका सीधा असर दवाओं की कीमतों पर पड़ा है। गरीब मरीजों के लिए उपचार मुश्किल हो गया है।

स्वर्ण भस्म व रजत भस्म जटिल, जीर्ण व कष्टसाध्य रोगों के उपचार में अतिप्रभावी होने से अपना विशिष्ट स्थान रखती है। यह कई अतिप्रभावी आयुर्वेदिक औषधियों का प्रमुख घटक है।

## दिल्ली में तरुण खटीक की हत्या मामले में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** अखिल भारतीय खटीक समाज सहित हिंदू समाज टोंक की तरफ से सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर टोंक को ज्ञापन दिया गया, जिसमें दिल्ली में तरूण खटीक की हत्या मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करके सख्त सजा दिए जाने की मांग की है। खटीक समाज के मोतीलाल पहाडिया, गुड्डू चावला, विष्णु चावला, सत्यनारायण नामा, लड्डू लाल किराड़, विजय चावला, राधेश्याम चावला, सीताराम चावड़ा, पंकज पहाडिया, सोनु परिड़वाल, कमलेश चावला, कैलाश चावला, राजेश मुमिया, सौरभ पहाडिया, रोहिताश कुमावत, सचिन किराड, अन्नू तसेरा एवं कन्हैया लाल टेपण आदि ने दिये गये ज्ञापन में बताया कि दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में लिखा है कि हाल ही में दिल्ली में तरूण खटीक की निर्मम हत्या का मामला सामने आया हैं, जिसमें मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों द्वारा होली पर्व को छोटी सी बात को लेकर पूरे परिवार पर हमला करना व तरूण खटीक की निर्मम हत्या की गई है। ज्ञापन में बताया है कि होली पर्व पर मात्र तीन साल की बालिका द्वारा रोड़ पर पानी का गुब्बारा फेंकने से उसके छींटे मुस्लिम समुदाय की महिला के लग जाने से मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा हिन्दु समाज के तरूण खटीक व उनके परिवार पर हमला कर दिया तथा तरूण खटीक की निर्मम हत्या कर दी गई। जिसका सम्पूर्ण हिन्दु समाज व खटीक समाज टोंक विरोध करता है तथा इस घटना में लिप्त सभी मुल्जिमों के लिए फांसी की सजा की मांग करता है। साथ ही ज्ञापन में मांग की है कि तरूण खटीक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा भी दिलवाया जावें। दिल्ली सरकार से मांग की गई है कि सभी मुल्जिमों को फांसी की सजा दिलवाई जाएं, मामले की सीबीआई से जांच हो तथा एक करोड़ मुआवजे के तौर पर पीडित़ परिवार को दिलवाई जावे।

## सीमेन्ट सड़क निर्माण में धटिया निर्माण सामग्री उपयोग का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा क्षेत्र की लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका क्षेत्र के गुलगांव में निर्माण हो रही सीमेन्ट सडक़ निर्माण मे धटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने एवं निर्धारित मापदण्ड के अनुसार निर्माण कार्य नहीं करने का आरोप लगाया गया है।

लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका द्वारा पालिका क्षैत्र के गुलगांव में 25-25 लाख रूपये की दो सीमेन्ट सडक़ो का निर्माण करवाया जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणो की ओर से एक शिकायती पत्र प्रेषित किया गया है। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि गूलगांव में निर्माण करवा रही कार्यकारी एजेन्सी द्वारा सडक़ निर्माण से पूर्व निर्माण हो रही सडक़ पर मिट्टी कार्य नहीं करवाया। सडक़ पर न ही डीएलसी करवाई गई। साथ ही बजरी की जगह राख का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणो की ओर से बताया गया कि गत दिनो ग्रामीणो द्वारा इस मामले की शिकायत नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह प्रशासन को की गई। जिस पर पालिका प्रशासन ने पालिका के तकनीकी अधिकारी को मौके पर भेज कर मामले की जांच करने के निर्देश प्रदान किए। निर्देशो की पालना में पालिका के तकनीकी अधिकारी ने मौके पर जांच की। जिस पर ग्रामीणो की ओर से प्राप्त शिकायत को सही मिली। जिस पर तकनीकी अधिकारी ने कार्यकारी एजेन्सी को निर्माण कार्य को निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का उपयोग करने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही ऐसा नहीं होने तक निर्माण कार्य बंद करने के निर्देश भी प्रदान किए।



### इनका कहना है

इस बाबत जानकारी चाहने पर नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह की अधिशासी अधिकारी तुलसी देवी चौधरी ने बताया कि गुलगांव के ग्रामीणो की ओर से जैसे ही शिकायत मिली। उसी के साथ तकनीकी अधिकारी को मौके पर भेजा गया। तकनीकी अधिकारी की रिपोर्ट मिलने के बाद एक बार फिर तकनीकी अधिकारी को मौके पर भिजवा कर कार्यकारी एजेन्सी को आवश्यक कार्रवाई करने एवं दिशा निर्देश प्रदान करने को कहा गया है। ईओ चौधरी ने विश्वास दिलाया है कि पालिका क्षैत्र में होने वाले किसी भी निर्माण की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझोता नही किया जाएगा। पालिका क्षैत्र के सभी निर्माण कार्य निर्धारित मापदण्डो के अनुसार व गुणवत्ता के साथ निर्माण करवाए जाएगें।

## ग्रीष्म कालीन समय सारिणी को 15 मार्च से ही लागू करे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जसवंत सिह नरूका ने मुख्यमंत्री को मेल करके मांग की है कि भीषण गर्मी को मद्देनजर रखते हुए 15 मार्च से ही विद्यालय का समय परिवर्तित किया जाए।

राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील टोंक के जिलाध्यक्ष धनराज सिंह राजावत व जिला मंत्री हंसराज चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार के शिविरा पंचांगनुसार विद्यालय का ग्रीष्म कालीन सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ किया जाता है, पर इस वर्ष मार्च महीने की शुरुआत में ही अत्यधिक गर्मी पडऩी शुरू हो गयी है । आज का तापमान ही 40 डिग्री पहुच गया है ।

मौसम विभाग ने हिट वेव की चेतावनी जारी कर रखी है । और आने वाले दिनों में गर्मी बढऩे की संभावना है। भीषण गर्मी के कारण नोनिहालो के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

अत्यधिक गर्मी के कारण छोटे बच्चे पसीने में तर होने लगे हैं। अतः राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील राज्य सरकार से मांग करता है कि भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रीष्म कालीन समय को 1 अप्रैल से स्थान पर 15 मार्च से प्रारंभ किया जाए।

## भाजपा की कार्यशाला का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया।कार्यशाला में भाजपा पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, प्रशिक्षण वक्ता शामिल हुए। कार्यशाला में संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर विस्तृत चर्चा हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि पार्टी में प्रभावी रूप से काम करने के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी दिनों में होने वाले आवासीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का आव्हान किया।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इससे संगठन की कार्यपद्धति में एकरूपता आएगी और सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह महाअभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय और प्रभावी बनाएगा।उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचार पर आधारित संगठन हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने खून पसीने से पार्टी को सींचा हैं, हम हम सबको अब इसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभानी है। कार्यशाला में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया,सहप्रभारी रामानंद गुर्जर,जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया,संतकुमार जैन,दीपक संगत, रामनिवास गुर्जर,जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी,रामचंद्र गुर्जर, राजेश शर्मा, बबलू टैंकर,ममता जाट,प्रधान काबरा,रमाकांत शर्मा,जिला मंत्री नीलिमा आमेरा, बीना छामुनिया,रामकिशन गुर्जर,हरिराम यादव, शीला मीना, शकुंतला वर्मा,कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, मोनिका जैन,प्रवक्ता जुली शर्मा,विजय मालवानी,रामावतार धाभाई,कार्यालय मंत्री शम्भू शर्मा,मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, हेमंत सैनी, सोशल मीडिया संयोजक गणेश सैनी, बलवंत मराठा,मंडल अध्यक्ष नन्दलाल छान, भगवान सैनी,सुरेश काचरिया,विष्णु चांवला, धोलू गुर्जर, महावीर गुर्जर,अंकित डाबर,महावीर पालीवाल,अतुल पारासर,सुनील भारत, केदार चौधरी, रामचरण कठमाणा,राजकुमार मीणा, सुभाष सैनी, धारासिंह फागणा, हनुमान बैरवा,श्योराज जाट,राजेश दायमा, अनिल टिक्किवाल, नरेंद्र सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षणः जिला कार्यशाला संपन्न, आगामी मंडल प्रशिक्षणों की कार्ययोजना तय

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय योजना के अनुसार तय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन सोमवार को हरिओम इको गार्डन सर्किट हाउस रोड पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया । भाजपा जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ । कार्यशाला मे मंडल स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण शिविरों की तिथि एवं कार्ययोजना तैयार की गई । कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री नारायण मीणा एवं विशिष्ट अतिथि जिला संगठन सहप्रभारी शेरसिंह मीणा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेमप्रकाश शर्मा, केदारलाल मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेशचंद जैन, बजरंगलाल जाट, राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश डांगोरिया, जिला महामंत्री विनोद अटल, बाबूलाल मीणा उपस्थित रहे । इससे पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने प्रशिक्षणार्थियों को महाअभियान की जानकारी दी। कार्यशाला को मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री नारायण मीणा ने भी संबोधित किया, उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान में आयोजित होने वाले आवासीय प्रशिक्षणों में रचनात्मक कार्य भी कार्यकर्ताओं को सिखाए जाएंगे और दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी के बारे में अवगत करवाया जाएगा । इस दौरान कार्यशाला में पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, गंगापुर सिटी प्रधान मंजू गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, सत्यनारायण धाकड़, लालचंद गौतम, मीरा सैनी, उदयसिंह गुर्जर, दीपक सिंघल, महेन्द्र दीक्षित, जिला मंत्री हरफूल मरमट, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, जिला कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, जिला सोशल मीडिया सहसंयोजक मेहनाज पटेल, मंडल अध्यक्ष अशोकराज मीणा, कपिल जैन, श्रीचंद सैनी, रितेश भारद्वाज, हरचरण सिंह, रामपाल बालोत, सीताराम शुक्ला आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, कार्यशाला मे मंच संचालन जिला महामंत्री विनोद अटल ने किया ।

## पत्थरबाजों पर कार्रवाई की मांग, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से की मुलाकात



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर पिछले दिनों शहर में हुई घटनाओ के बारे में चर्चा की ।भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि पिछले दिनों टोंक शहर का माहौल बिगाडऩे का काम करने में लगे लेकिन अपने इरादों में कामयाब नही हुए ।यह कही ना कही एक बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रहा है ।उन्होंने कहा कि ये लोग डर का माहौल बनाना चाहते हैं ।हमने प्रशासन से बातचीत करके इन पर कड़ी कार्यवाही की माँग की है ।प्रतिनिधि मंडल में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराना,पूर्व जिला प्रमुख सरोज बंसल,रामनिवास गुर्जर,बेनी प्रसाद जैन,नरेश बंसल,संत कुमार जैन, विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया मौजूद रहे।

## निफ्ट जोधपुर में महिला प्रोफेसर, सिक्योरिटी व सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) जोधपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की महिला प्रोफेसर्स, स्टाफ, सफाई और सिक्योरिटी सर्विस में तैनात महिलाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो.जीएचएस प्रसाद ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मौजूद सभी महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं अब पुरुषों से कम नहीं है। महिलाएं पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग महिलाओं के लिए कुछ अपनी तरफ से भी कदम उठाएं, महिलाओं का सम्मान करें, यह सिर्फ 8 मार्च को ही नहीं, बल्कि हर दिन होना चाहिए। प्रो. प्रसाद ने कहा कि महिलाओं को समाज में उचित स्थान देने के लिए हमें अपने विचारों और व्यवहार में बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकता है और निफ्ट जोधपुर इस दिशा में काम कर रहा है। महिला दिवस का महत्व महिलाओं के अधिकारों और उनकी स्थिति में सुधार के लिए है। यह दिन महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर संयुक्त निदेशक डॉ. जन्मय सिंह हाडा सहित सभी फैकल्टी मेंबर्स और कर्मचारी मौजूद रहें।

## निःशुल्क जॉच शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर द्वारा निःशुल्क जॉच शिविर श्रीमती बर्फी देवी पुरूषोत्तमदास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय, में मंगलवार को प्रातः 09.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक, 95 आर्य नगर, स्कीम नं. 01, राम वाटिका पार्क के पास अलवर में आयोजित किया जा रहा है। महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में बी.पी.,शुगर(रेंडम) टेस्ट,थाइरॉइड , प्रोस्टेट (यूरिन फलो मीटर द्वारा) लीवर फाईब्रो स्क्रेन द्वारा किया जावेगा। श्रीमती बर्फी देवी पुरूषोत्तमदास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय, में डॉ. जी.एस. राठौड वरिष्ठ चिकित्सक द्वारा प्रतिदिन परामर्ष दिया जाता है।

## अलवर के रियासत कालीन इतिहास की झलक प्रस्तुत करती हुई प्रदर्शनी का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान राज्य अभिलेखागार अलवर में 'समकालीन समाचार पत्रों के संदर्भ में रियासत कालीन अलवर' विषय पर 12 मार्च तक आयोजित विशेष प्रदर्शनी का आज शुभारम्भ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व पार्षद श्री घनश्याम सोनी ने किया। राजस्थान राज्य अभिलेखागार के पुरालेख अधिकारी डॉ. राजेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में रियासत कालीन अलवर में जो समाचार पत्र प्रकाशित होते थे उनके माध्यम से तत्कालीन राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था, ऐतिहासिक अभिलेखों, दस्तावेजों, सांस्कृतिक पहलुओं का सजीव चित्रण किया गया है तथा मत्स्य संघ निर्माण में जो घटनाक्रम चला उनके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को ऐतिहासिक दस्तावेजों के महत्व से अवगत कराना है। आमजन तत्कालीन ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने हेतु 12 मार्च तक प्रातः 11 बजे से सांय 5 बजे तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं। इस दौरान श्री नीरज, सोनिया, श्री अनिल बत्रा, लवीना, कोमल, करिश्मा, ईति गागल, जमना जोगी, श्री गौरव, श्री सुमित सहित गणमान्य व्यक्ति एवं आमजन मौजूद रहे।

## शीतला माता के मंदिर पर कल होगा जागरण व पूजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के मालाखेड़ा गेट स्थित शीतला माता के मंदिर में बुधवार 11 मार्च को सांयकाल 7 बजे से जागरण आयोजित किया जावेगा। माता शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र दाधीच ने बताया कि शीतलाष्टमी के विशेष पावन पर्व पर प्रातः समिति के पदाधिकारियों द्वारा 108 घड़ों व पंचामृत से माता शीतला का विशेष जलाभिषेक किया जावेगा उसके उपरांत माता बहनों द्वारा माता को विशेष भोग अर्पित किया जावेगा। मंदिर सेवक गिर्राज प्रजापत ने बताया कि शीतला अष्टमी के पावन पर्व माता की महिमा अपार होती है माता को एक दिन पूर्व का बना हुआ बासी भोजन राबड़ी और पुआ पकौड़ी चढ़ाए जाते हैं भक्तजन माता से शीतलता और शांति का आशीर्वाद लेते हैं। लायंस क्लब के प्रांतीय चेयरपर्सन खेम सिंह आर्य ने बताया कि शाम को 7 बजे से माता का संगीतमय जागरण आयोजित किया जाएगा जिसमें आसपास और दूरदराज के माता के भक्तजन जागरण में शामिल होंगे।

## जोधपुर केंद्रीय कारागृह का जेलर सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर केंद्रीय कारागृह के जेलर हड़वंत सिंह को निलंबित कर दिया गया है उनके खिलाफ विभागीय जांच की जा रही है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय केंद्रीय कारागार भरतपुर रहेगा। जेल अतिरिक्त महानिदेशक की ओर से संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। अतिरिक्त महानिदेशक जेल पी राम जी की ओर से जारी आदेश के तहत हडवंत सिंह के विरूद्ध नई कैदियों की वरियता दरकिनार कर अन्य वार्ड में भेजे जाने को लेकर विभागीय जांच प्रस्तावित है, इसी के चलते होने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।जांच रिपोर्ट आने के बाद उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी , फिलहाल निलंबन की कार्रवाई की गई है । इधर इस मामले में स्थानीय जेल के अधिकारी बातचीत से कतराते रहे और जयपुर से आदेश आने की बात कही गई जिसके तहत निलंबन की कार्रवाई को अंजाम देना बताया गया है।

# कलक्टर ने वीसी के माध्यम से ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

### बजट घोषणाओं, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के दिए दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति व विकास कार्यों की प्रगति तथा जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी सजगता एवं संवेदनशीलता से कार्य करते हुए बकाया राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।




उन्होंने कहा कि जिला स्तर से एक माह में की गई गहन समीक्षा के तहत तहसील न्यायालयों में वर्षों से लंबित करीब 650 राजस्व प्रकरण निस्तारण की स्थिति में आ गए हैं। इसी प्रकार उन्होंने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरणों की साप्ताहिक गहन समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता से निस्तारित कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण कार्य की उपखंडवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि शेष रजिस्ट्री कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करावे। उन्होंने बजट घोषणाओं एवं क्रय-विक्रय सहकारी समितियों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को प्राथमिकता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय के बकाया प्रकरणों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिदायक समाधान करवाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार की मंशानुरूप सम्पर्क पोर्टल पर प्रत्येक प्रकरण की प्रभावी मॉनिटरिंग कर संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्वक समाधान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रकरण में असंतुष्टि व्यक्त करने वाले परिवादियों से नियमित तौर पर सम्पर्क स्थापित कर वास्तविकता में उनके परिवादों का समाधान कराने का प्रयास करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय श्री योगेश डागुर, उपखण्ड अधिकारी श्री माधव भारद्वाज सहित समस्त उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार वीसी के माध्यम से जुडे।

## पंखा, कूलर सहित उपयोगी शिक्षण सामग्री प्रदान

### रोशनी चैरेटी सेवा के कार्यों में सक्रिय

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रोशनी चैरेटी की ओर से आदर्श विमंदित एवं मूक बधिर विद्यालय में पंखा,कूलर सहित आवश्यक शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर रोशनी चैरेटी की ओर से रजनी गुप्ता महावर, मुकता शर्मा, निशा मेठी, सुमन गुप्ता, संतोष शर्मा और माया गुप्ता ने यह सामान स्कूल संचालिका पायल प्रधान को सौंपा। इस अवसर पर वान्य फाउंडेशन की ओर से आदित्य तिवारी ने बर्तन प्रदान किए। कार्यक्रम में भामाशाहों और रोशनी चैरिटी की पदाधिकारियों का समाजसेवी और नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती, हिंदू वाहिनी की प्रदेशाध्यक्ष संगीता सिंह, समाज सेविका व हिंदू वाहिनी की जिलाध्यक्ष अर्चना आमेरिया,



आकाश शर्मा और गौसेवक राजेश जोशी ने स्वागत किया। कार्यक्रम में रोशनी चैरेटी की पदाधिकारी रजनी गुप्ता महावर ने कहा कि संस्था की ओर से विमंदित और मूक बधिर बालकों को आवश्यक सामग्री समय. समय पर प्रदान की जाएगी। मुकता शर्मा ने कहा कि मूक बधिर और विमंदित की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है। कार्यकम में समाज सेवी दौलत राम हजरती ने कहा कि रोशनी चैरेटी का सेवा में महत्वपूर्ण योगदान है जिस संस्था की ओर से कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। अंत में पायल प्रधान ने आभार जताया।

## बाबा में अटूट आस्था के चलते आज भी श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हैं : मीना

### श्री श्री 1008 गरीब नाथ जी की प्राचीन कुटिया से सामदा मेले के लिए झांकी का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 गरीब नाथ जी की प्राचीन कुटिया बानसूर से शामदा मेले के लिए झांकी का आयोजन किया गया।श्री श्री 1008 गरीबनाथ सेवा समिति बानसूर के अध्यक्ष भूपसिंह सुरेला के अनुसार मत्स्य शिक्षा समूह की निर्देशिका अंजू मीना और जयसिंह मीना ने हरी झंडी दिखाकर झांकी को रवाना किया। शौभायात्रा में आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं।जो दर्शकों को आकर्षित कर रही थीं। झांकी में विभिन्न रंगों और सजावट के साथ-साथ भव्य और आकर्षक प्रदर्शन किया गया। झांकी के आयोजन से बानसूर के लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल बना हुआ है।इस मौके पर अंजू मीना ने कहा कि झांकी का आयोजन शामदा मेले के अवसर पर किया गया है।जो बानसूर के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि बाबा की शौभायात्रा में सजाई गई आकर्षक झांकियां दर्शकों



को आकर्षित करेंगी और उन्हें शामदा मेले के महत्व को समझने में मदद करेंगी।इस मौके पर बोलते हुए अंजू जयसिंह मीना ने कहा बाबा गरीबनाथ में क्षेत्र के लोगों की अटूट आस्था है। जिसके चलते बाबा के दरबार में श्रद्धालु आज के आधुनिक युग में भी पैदल चलकर बाबा को ढोक लगाकर खुशहाली और समृद्धि का आशीर्वाद मांगते हैं। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारे लगाए और शामदा धाम के लिए रवाना हो गए।

## समाज और देश के संतुलित विकास के लिए महिला सशक्तिकरण आवश्यक-मेहरा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में महिला प्रकोष्ठ, आर एण्ड डी सैल एवं आई. क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान में वेबिनार आयोजित की गई जिसकी थीम गीव टू ग्रेन रही। कार्यक्रम की मुख्यवक्ता डॉ. निधि अरोड़ा (डिपार्टमेंट ऑफ लीगल स्टडीज, वनस्थली) रही। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि निर्णय निर्माण में भागीदारी ही महिला सशक्तिकरण है, महिलाओं के सशक्तिकरण से न केवल परिवार और समुदाय का सशक्तिकरण होता है वरन् इससे समाज और राष्ट्र का सशक्तिकरण भी होता है। महिला विकास में बाधक रीतियों और सोच को बदलकर ही महिला को सशक्त बनाया जा सकता है। महिलाओं को शिक्षित किया जाए, विकास के समान अवसर प्रदान किये जाए, कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल, नेतृत्व में भागीदारी सुनिश्चित कर महिलाओं को सशक्त किया जाए। इस कार्यकम की विशिष्ट अतिथि डॉ. रीता मेहरा (विभागाध्यक्ष, रसायनशास्त्र विभाग, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय) रही। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि समाज और देश के संतुलित विकास के लिए महिला सशक्तिकरण आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. के. एल. मीना, प्राचार्य द्वारा की गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक कुमार काकोडिया एवं कार्यक्रम की आयोजक सचिव डॉ. रजनी मीना (संयोजक, महिला प्रकोष्ठ) ने अन्त में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खिलाड़ी की नजर और हौसले से होती है जीता सुनिश्चित : शेखावत

### टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की ऐतिहासिक जीत पर बानसूर में जश्न

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र में टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत पर जश्न का माहौल नजर आया।बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने भारतीय टीम की जीत की खुशी में कार्यकर्त्ताओं के साथ आतीशबाजी कर ख़ुशी का इजहार किया। उन्होंने जीत की ख़ुशी में अपने निवास स्थान ज्ञानपुरा में आतीशबाजी की। वहीं कार्यकर्ताओं के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई भी दी। इस मौके पर बोलते हुए शेखावत



ने कहा कि किसी भी खेल में खिलाड़ी की नजर और हौसला जीत सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने न्यूज़ीलैंड को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम कर देश का गौरव बढ़ाया है। भारतीय टीम की इस शानदार जीत से पूरे देश में उत्साह और खुशी का माहौल है तथा जगह-जगह जश्न मनाया जा रहा है।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नगेन्द्र सिंह चैनपुरा, नारायणपुर मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री सुरेश ज्ञानपुरिया, सरपंच प्रतिनिधि हंसराज दौराता, पंचायत समिति सदस्य विजय गोठवाल, युवा नेता गणेश सैनी, जितेंद्र सैनी, ओमपाल सिंह शेखावत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीमेंट से भरा ट्रोला से बाल-बाल बड़ा हादसा होने से टला

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप के पास स्थित दुकानों के सामने एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार एक सीमेंट से भरा ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर पीछे की ओर आ गया और सडक़ किनारे लगी दुकानों की ओर जा घुसा। ट्रेलर के अनियंत्रित होने से वहां लगे टिन शेड (टिन सेट) को भारी नुकसान हुआ और पेट्रोल पंप के पास स्थित एक दुकान की दीवार भी टूट गई। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत भागकर अपनी जान बचाई, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## बाड़मेर और मेड़ता कोर्ट को बम से उड़ने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर (नि.स.)** । राजस्थान के बाड़मेर और नागौर के मेड़ता कोर्ट परिसर को बम से उडने की धमकी आई है। इससे पहले जोधपुर जिला कोर्ट राजस्थान हाई कोर्ट और जयपुर के कोर्ट को भी उडने की मेल पर धमकी आ चुकी है। बाड़मेर जिला कोर्ट को बम से उडने की धमकी मिलने के बाद हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया और दोनों कोर्ट परिसर को खाली करवा कर बमनिरोधक वस्तुओं के द्वारा जांच की गई। जानकारी अनुसार दोनों ही कोर्ट में मिल के जरिए एक तरह की धमकी दी गई है। जिला न्यायाधीश के मेल एड्रेस पर धमकी भरा मेल आया था , जिसमें की आतंकी अजमल कसाब का भी जिक्र है। 25 दिसंबर 2025 को भी बाड़मेर कलेक्ट्रेट को बम धमकी दी गई थी। मेल में आतंकी अजमल कसाब का जिक्र करते हुए लिखा गया कि, मुझे नहीं पता कि ब्लास्ट का समय क्या था , शायद दोपहर एक बजे से पहले । रिस्क मत लेना । यह कोई फेक धमकी नहीं है । कुछ बम ड्रोन से गिराए गए थे । जगह पता नहीं है , लेकिन छतों पर चेक कर लें । बाड़मेर कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार सुबह हडकंप मच गया । सूचना मिलते ही एसपी नरेंद्र सिंह मीना के नेतृत्व में पुलिस ने कोर्ट परिसर खाली करवाकर डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्तों से सर्च ऑपरेशन शुरू किया । पुलिस धमकी भेजे गए मेल का स्रोत पता लगाने में जुटी है । इसके बाद प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से सजग आई, और कड़ी जांच प्रारंभ की गई लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इससे पहले राजस्थान हाई कोर्ट के जोधपुर जयपुर पीठ में भी इसी तरह बम होने की मेल आ चुकी है 15 दिन पहले जोधपुर जिला कोर्ट में भी बम होने की जानकारी मेल के द्वारा भेजी गई। जोधपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता को भी मिल के जरिए बम और धमकी भरा पत्र आने की जानकारी है। लगातार इस तरह की घटनाओं से अब जहां अधिवक्ताओं में भय है वहीं सोशल मीडिया के जरिए आने वाले ऐसे संदेशों को लेकर साइबर एक्सपर्ट के हाथ अभी तक खाली है। आईबी तथा अन्य इंटेलिजेंस एजेंसियां भी जांच में लगी हुई हैं ।

**बिलाली की शीतला माता का लक्खी मेला भरा,शेखावत ने लगाई ढोक**

## शीतला माता क्षेत्र में खुशहाली और समृद्धि दे : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव बिलाली स्थित शीतला माता का लक्खी मेला सोमवार को भरा। श्रद्धालुओं ने माता को ठण्डे पकवानों का कण्डवारा चढ़ाया और मन्नते मांगी।वहीं मेले की पूर्व संध्या को विधायक देवीसिंह शेखावत ने बिलाली स्थित शीतला माता मन्दिर में ढोक लगाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।उन्होंने माता को दण्डवत प्रणाम कर क्षेत्र में खुशहाली,समृद्धि और अमन चैन भाईचारे का आशीर्वाद माँगा। वहीं मेले में गए श्रद्धालुओं ने मेले में जमकर खरीददारी की। वहीं नन्हे मुन्हे बच्चों ने खेल के लिए खिलोने खरीदे और जमकर झूला झूला। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नगेन्द्र सिंह चैनपुरा, नारायणपुर मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी, ओबीसी मोर्चा



जिला मंत्री सुरेश ज्ञानपुरिया, सरपंच प्रतिनिधि हंसराज दौराता, पंचायत समिति सदस्य विजय गोठवाल, युवा नेता गणेश सैनी, जितेंद्र सैनी, ओमपाल सिंह शेखावत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अलवर रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान (रोटरी ब्लड सेन्टर, अम्बेडकर नगर, अलवर) के सत्र 2026-28 के लिए सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए चुनाव में निम्न पदाधिकारीगण निर्विरोध चुने गए जिसमे

अध्यक्ष , राजेश सिंघल,उपाध्यक्ष - सुरेश गुप्ता,सचिव -ललित कुमार

सह-सचिव- विकास गुप्ता,कोषाध्यक्ष - कुमार आहूजा उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त निम्न 8 सदस्य भी सर्वसम्मति से चुने गए जोकि के के खंडेलवाल, पवन खंडेलवाल, नीरज जैन, अनिल जैन,आशीष जैन,राजेश खंडेलवाल,मुकुंद गुप्ता व बी. डी. अग्रवाल हैं।

चुनाव अधिकारी पूर्व प्रान्तपाल क्रान्ति मेहता जी रहे। नवगठित कार्यकारिणी ने एक दूसरे को बधाई दी और सामाजिक सरोकारों में अपनी भूमिका निभाने के लिए एक दूसरे के काम आने की बात कही।

# रामगंजमंडी-जुल्मी सड़क चौड़ीकरण शुरू, 11.50 करोड़ से बनेगी 8 किमी सीसी सड़क; 58 मकान मालिकों को नोटिस

**बढ़ता राजस्थान**

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** पिछले चार वर्षों से जर्जर सडक़ की समस्या झेल रहे शहर और आसपास के गांवों के लोगों को अब राहत मिलने की उम्मीद है। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा रामगंजमंडी-जुल्मी सडक़ के निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस परियोजना के तहत करीब 11.50 करोड़ रुपए की लागत से 8 किलोमीटर लंबी और 7 मीटर चौड़ी सीसी सडक़ का निर्माण किया जा रहा है। सडक़ निर्माण कार्य शहर के अंबेडकर सर्किल से मारवाड़ चौराहे से होते हुए जुल्मी तक किया जा रहा है। सडक़ निर्माण कार्य के साथ ही सडक़ की सीमा में आ रहे मकानों को लेकर नगर पालिका ने 58 मकान मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में संबंधित मकान मालिकों को 7 दिन के भीतर अपने मकान के पट्टे और अन्य दस्तावेज नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पालिका द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं तो यह माना जाएगा कि संबंधित व्यक्ति के पास वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार अंबेडकर सर्किल से मारवाड़ चौराहे तक सडक़ के किनारे कई मकान बने हुए हैं, जो सडक़ चौड़ीकरण के कार्य में बाधा बन रहे हैं। दस्तावेजों की जांच के बाद जिस सीमा तक मकान मालिकों के पास पट्टा होगा, उसे मान्य रखा जाएगा, जबकि पट्टे से आगे पाए जाने वाले अतिक्रमण को हटाया जाएगा ताकि निर्माण कार्य में कोई रुकावट न आए।



गौरतलब है कि रामगंजमंडी-जुल्मी सडक़ पिछले कई वर्षों से जर्जर हालत में थी। सडक़ पर 100 से अधिक बड़े गड्ढे बन चुके थे और कई स्थानों पर पैचवर्क उखड़ गया था। स्थिति यह थी कि पिछले चार वर्षों में 10 से अधिक बार मरम्मत और पैचवर्क करवाया गया, लेकिन यह केवल अस्थायी समाधान साबित हुआ। मारवाड़ चौराहे के बाद कई स्थानों पर सडक़ की स्थिति बेहद खराब हो चुकी थी, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यह मार्ग शहर से जिला अस्पताल जाने का मुख्य रास्ता भी है। यहां से रोजाना मरीजों और गर्भवती महिलाओं को गुजरना पड़ता है। सडक़ की खराब हालत के कारण लंबे समय से इसके पुनर्निर्माण की मांग की जा रही थी। बताया जा रहा है कि वर्ष 2020 से पहले यह सडक़ प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना के तहत करीब 2 करोड़ 88 लाख 49 हजार रुपए की लागत से बनाई गई थी, जिसमें करीब साढ़े चार किलोमीटर डामर सडक़ शामिल थी। लेकिन भारी वाहनों और ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही के कारण निर्माण के एक वर्ष बाद ही सडक़ जर्जर होने लगी। इसके बाद कई बार मरम्मत कराई गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। अब नई सडक़ सीसी (कंक्रीट) तकनीक से बनाई जा रही है, जिसे भारी और ओवरलोड वाहनों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि नई सडक़ बनने के बाद लंबे समय तक सडक़ खराब होने की समस्या से राहत मिलेगी और क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।

## सुकेत में बिजली चोरी पर कार्रवाई 40-50 अवैध कनेक्शन हटाए

**बढ़ता राजस्थान**

रामगंजमंडी (नि.स.)। सुकेत में जयपुर डिस्कॉम की टीम ने कटे हुए विद्युत कनेक्शनों की जांच के दौरान बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई की। जांच में कई लोग डायरेक्ट तार डालकर बिजली उपयोग करते पाए गए, जिनके करीब 40-50 अवैध कनेक्शन हटाकर जब्त किए गए। कार्रवाई के दौरान सुधीर सिंह (विद्युत थाना कोटा ग्रामीण) और रणमत सिंह तकनीकी स्टाफ के साथ मौजूद रहे। जिन उपभोक्ताओं पर वीसीआर दर्ज है, उन्हें राशि जमा कराने तथा कटे हुए कनेक्शनों के मामलों को 14 मार्च 2026 की लोक अदालत में निस्तारित कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की गई है।



## केला देवी धाम में समस्त पंजाबी खत्री सभा राजस्थान की बैठक आयोजित

### कोटा संभाग अध्यक्ष वीर कुमार वाधवा और सचिव बालकिशन गुलाटी नियुक्त



**बढ़ता राजस्थान**

**रावतभाटा (नि.स.)।** समस्त पंजाबी खत्री सभा राजस्थान के पदाधिकारियों की बैठक 8 मार्च, रविवार को करौली स्थित केला देवी धाम पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सर्वानंद अरोड़ा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. सर्वानंद अरोड़ा ने बताया कि आने वाले समय में देश में होने वाली जातीय जनगणना के दौरान समाज के लोगों को अपने फॉर्म में किस प्रकार सही जानकारी भरनी है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि पूरे देश में पंजाबी समाज के लोगों को जातीय जनगणना के प्रति जागरूक करना आवश्यक है, ताकि समाज की वास्तविक संख्या सामने आ सके। बैठक में राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सर्वानंद अरोड़ा, प्रदेश अध्यक्ष संजीव तलवार और सचिव प्रवीण गुलाटी की सहमति से कोटा संभाग अध्यक्ष पद पर वीर कुमार वाधवा तथा कोटा संभाग सचिव पद पर बालकिशन गुलाटी को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त सचिव बालकिशन गुलाटी ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ निभाएंगे तथा समाज हित में निरंतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर कोटा संभाग के विभिन्न शहरों के महिला एवं पुरुष अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन गुलशन नागी ने किया। बैठक में महिला प्रदेश अध्यक्ष सोनिया अदलखा, कोटा जिला अध्यक्ष नीरज विज, समाज के वरिष्ठ सदस्य रामचंद्र मलिक, प्रियंका अदलखा और वरुण कालरा सहित कई समाजबंधु उपस्थित रहे।

## उपखंड अधिकारी ने नगर पालिका कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**बढ़ता राजस्थान**

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** उपखंड अधिकारी सुरेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपखंड अधिकारी चौधरी पालिका कार्यालय खुलने के समय के कुछ देर बाद ही अचानक नगर पालिका कार्यालय पहुंच गए। जैसे ही चौधरी पालिका कार्यालय पहुंचे वहां पर पालिका कर्मचारियों में हडक़ंप मच गया। इस दौरान पालिका अधिशासी अधिकारी कार्यालय पर अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने सभी उपस्थित कर्मचारियों से वार्ता की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान चौधरी ने सभी कर्मचारियों को कार्य के प्रति ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ट रहने की भी सलाह देते हुए बताया कि किसी कर्मचारी की कार्य के प्रति लापरवाही या अन्य शिकायत मिली तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान उपखंड अधिकारी चौधरी ने सफाई व्यवस्था को लेकर लाखेरी सेक्टर के सभी सफाई जमादारों का हाजरी रजिस्टर चेक कर जमादारों को सफाई संबंधित निर्देश दिए तथा सफाई संबंधित लापरवाही पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी चौधरी ने बताया कि आगे भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे जिससे पालिका की कार्यशैली में सुधार ला सके तथा शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बना सके।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बढ़ता राजस्थान**

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** सोमवार को शहर के स्टेशन क्षेत्र की बैरवा बस्ती में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन निवासी विवेक उर्फ रामावतार बैरवा 38 ने अज्ञात कारणों के चलते घर पर फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। घटना का पता बच्चों के स्कूल से पढ़ कर आने पर लगा। बच्चों की चीख पुकार सुन कर आसपास के लोगों ने मौके पर जाकर देखा तथा स्थिति को भांपते हुए स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी। घटना के समय मृतक की पत्नी एट भट्टे पर मजदूरी करने गई हुई थी। सूचना पर थाना अधिकारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे तथा शव साड़ी के फंदे से नीचे उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द किया।

## कौम के बच्चों के बेहतर मुस्तकबिल के लिए दरगाह पर फातेहा व दुआ की

### रज़ा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी का आयोजन,बोर्ड परीक्षार्थियों की कामयाबी के लिए मांगी दुआ

**बढ़ता राजस्थान**

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** रज़ा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रविवार को घोड़ादेह बाबा साहब की दरगाह पर कौम के बच्चों के बेहतर मुस्तकबिल और तालीमी कामयाबी के लिए बारगाह-ए-खुदा में फातेहा व दुआ का एहतमाम किया गया। इस दौरान सीबीएससी एवं आरबीएससी बोर्ड के कक्षा 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों के अच्छे रिजल्ट और उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। सोसाइटी के जिम्मेदारान ने बताया कि दोनों बोर्ड की परीक्षाएं लगभग समाप्ति की ओर हैं और जल्द ही रिजल्ट घोषित होने वाले हैं। ऐसे में शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के स्टूडेंट्स के बेहतर परिणाम के लिए सोसाइटी द्वारा हर मुमकिन कोशिश की जा रही है।



उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए रज़ा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शीघ्र ही करियर काउंसलिंग कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिससे छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य के लिए सही दिशा मिल सके। दुआ कार्यक्रम के दौरान दरगाह शरीफ में सामूहिक रूप से फातेहा पढ़ी गई तथा कौम के बच्चों की कामयाबी और बेहतर मुस्तकबिल के लिए बारगाह-ए-खुदा में दुआएं की गईं। इस मौके पर खुदा की रज़ामंदी के लिए दरगाह के समीप स्थित नदी में मछलियों को फातेह में पेश किए गए चने भी डाले गए। इस अवसर पर पुरानी ईदगाह मस्जिद के इमाम हाजी यूसुफ निजामी, रज़ा कॉलोनी स्थित आला हजरत मस्जिद के इमाम आलिम रिजवान, मौलाना इमरान, सोसाइटी अध्यक्ष हाजी मोहम्मद फारूक, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल लुकमान खान, सीराज मेव, आमिर अनवर, नाजिम अंसारी, रशीद खान, एडवोकेट सैयद साजिद अली, एडवोकेट यासीन,आजाद भिश्ती, एजाज खान,अहमद खान, सिकंदर खान, वली मोहम्मद पटवारी तथा सेवानिवृत्त प्रिंसिपल फैज अहमद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राजस्थान पंचायती राज संशोधन बिल 2026 लोकतंत्र को और व्यापक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम - विधायक कृपलानी

**बढ़ता राजस्थान**

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** पूर्व नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री तथा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने विधानसभा में प्रस्तुत राजस्थान पंचायती राज संशोधन विधेयक 2026 का समर्थन करते हुए कहा कि यह संशोधन लोकतंत्र को और अधिक व्यापक एवं समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की पहली सीढ़ी हैं और यहाँ अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होना आवश्यक है। विधानसभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए कृपलानी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र केवल संसद और विधानसभाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका वास्तविक स्वरूप गाँवों में दिखाई देता है। पंचायतों के माध्यम से आम नागरिक सीधे शासन व्यवस्था में भागीदारी करता है। इसी उद्देश्य से वर्ष 1992 में लागू हुए तिहत्तरवें संविधान संशोधन



अधिनियम 1992 के तहत पंचायतों को संवैधानिक दर्जा देकर ग्राम स्तर पर लोकतंत्र को सशक्त बनाया गया था। कृपलानी ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत के द्वारा राजस्थान में वर्ष 1995 में पंचायत चुनावों के लिए दो से अधिक संतान वाले व्यक्तियों को चुनाव लडऩे से रोकने का नियम बनाया गया था, जिसका उद्देश्य उस समय जनसंख्या नियंत्रण को बढ़ावा देना था, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में जनसंख्या से जुड़े आँकड़ों और सामाजिक बदलावों को देखते हुए इस नियम की समीक्षा आवश्यक हो गई थी। उन्होंने बताया कि पिछले दो दशकों में राज्य की कुल प्रजनन दर में उल्लेखनीय कमी आई है और यह लगभग दो के आसपास पहुँच चुकी है। ऐसे में पुराने नियम को यथावत बनाए रखना व्यावहारिक नहीं माना जा सकता। कृपलानी ने इस अवसर पर सुझाव देते हुए कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक न्यायसंगत व प्रभावी बनाने के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण का प्रावधान भी इस विधेयक में जोड़ा जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने वार्ड पंच, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य को भी अधिक अधिकार प्रदान करने का आग्रह किया, ताकि जमीनी स्तर पर जनप्रतिनिधि अधिक प्रभावी तरीके से विकास कार्यों को गति दे सकें।

### कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट सर्वोच्च प्राथमिकता

## टाइमलाइन के अनुसार कार्य पूर्ण करें- संभागीय आयुक्त

**बढ़ता राजस्थान**

**कोटा (का.स.)।** कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण की आधारशिला रखने के साथ ही इसे तय समय में पूर्ण कराने के लिए प्रशासन स्तर पर गंभीर प्रयास शुरू कर दिए गए हैं । इसी क्रम में सोमवार को संभागीय आयुक्त अनिल अग्रवाल की अध्यक्षता में संबंधित विभागों की बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्देश दिए गए की एयरपोर्ट निर्माण संबंधी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। इससे संबंधित कार्य तय समय पर ही पूर्ण किए जाएं, यह सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संभागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि टाइमलाइन के अनुसार निर्धारित कार्यों की प्रति तीन माह में समीक्षा की जाएगी। उन्होंने एयरपोर्ट निर्माण से जुड़े विभागों के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन कार्यों को गति पूर्वक पूर्ण किया जाए। कहीं कोई रुकावट या परेशानी आने पर अवगत कराया जाए ताकि राज्य एवं केंद्र सरकार के स्तर पर समन्वय स्थापित किया जा सके। बैठक में एयरपोर्ट की भूमि पर पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति एवं 11 केवी विद्युत लाइन शिफ्टिंग, मुआवजा, एयरपोर्ट के बाहर जल निकास व्यवस्था इत्यादि के संबंध में विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवाड़ी कोटा विकास प्राधिकरण सचिव मुकेश चौधरी, विमान पत्तन निदेशक परसराम सहित अन्य संबंधित विभागों के कोटा एवं बूंदी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीवन के अंतिम चार क्षण गुरु चरणों में समर्पित करें तो बेड़ा पार होगा-आर्यिका विभा श्री माताजी

**बढ़ता राजस्थान**

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** परम पूज्य गनाचार्य समाधिस्थ 108 श्री विराग सागर महाराज की शिष्या, परम धर्म प्रभाविका गणिनी आर्यिका विभा श्री माताजी के मंगल सानिध्य में आज बूंदी का चौगान जैन नोहरा स्थित आदिनाथ भवन धर्ममय हो उठा। भव्य विहार के बाद आयोजित धर्म सभा में माताजी ने जीवन की सार्थकता और धर्म के मर्म पर प्रेरक प्रवचन दिए।



### पुण्य की फसल से सुधरता है अगला भव

धर्म सभा को संबोधित करते हुए माता श्री ने कहा कि जिस प्रकार एक छोटी सी रस्सी की मदद से कुएं से पानी निकालकर प्यास बुझाई जा सकती है, उसी प्रकार मनुष्य यदि अपने जीवन के अंतिम चार क्षण सच्चे मन से गुरु और भगवान के चरणों में समर्पित कर दे, तो वह जन्म-मरण के बंधन से मुक्त होकर देव गति को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि धार्मिक व्यक्ति वह है जो पहले धर्म को प्राथमिकता देता है।

इससे न केवल वर्तमान जीवन में सुख-शांति मिलती है, बल्कि वह पुण्य की ऐसी फसल उगाता है जो उसके अगले जन्म (भव) को भी सार्थक बना देती है। माताजी ने सांसारिक मोह पर प्रहार करते हुए कहा कि व्यक्ति जब तक जीवित है, तभी तक परिवारजन शरीर, संपत्ति और संबंधों का मोह रखते हैं। मृत्यु के पश्चात कोई भी संबंध शेष नहीं रहता, केवल जीव के साथ उसके द्वारा किया गया धर्म और पुण्य ही जाता है।

### भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ मंगल प्रवेश

समाज के अध्यक्ष संतोष पाटनी व मंत्री योगेंद्र जैन मिंटू ने बताया कि धर्म सभा से पूर्व माताजी का विहार देवपुरा स्थित संभावना दिगंबर जैन मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शुरू हुआ। यह मंगल विहार कॉलेज रोड, सर्किट हाउस, बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल और इंदिरा मार्केट होते हुए चौगान जैन नोहरा पहुंचा, जहाँ माताजी का भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

### धर्म सभा के मुख्य आकर्षण

मंगलाचरण- फनी भूषण सूरलाया द्वारा। दीप प्रज्वलन- बिरधी चंद छाबड़ा, ओमप्रकाश बडजात्या, खंडेलवाल सरावगी समाज के उपाध्यक्ष सुनील बाकलीवाल और संपत कुमार अजमेरा द्वारा संपन्न हुआ।

नवीन गंगवाल ने कुशलतापूर्वक कार्यक्रम का संचालन किया। सुरेश सोनी ने भक्तिभाव के साथ जिनवाणी स्तुति की।

**गौण मंडी में आज शुरू होगा खरीद केन्द्र**

# प्रशासन ने की किसान प्रतिनिधियों से वार्ता, बने सुलह के आसार

**बढ़ता राजस्थान**

**नैनवा (नि.स.)।** किसान महापंचायत के तत्वाधान में किसानों का धरना सोमवार को 68 दिन भी जारी रहा । धरने पर मौजूद किसान अपने साथ सूत्रीय मांगों को लेकर अड़े हुए है । प्रशासन ने की शिष्ट मंडल से वार्ता - सोमवार को उपखंड कार्यालय पर एसडीएम भागचंद रेगर,देई मंडी सचिव फतेह सिंह मीणा ने किसान प्रतिनिधियों को बताया कि किसानों की जो उपखंड स्तरीय मांग है । उसे पर स्थानीय प्रशासन समाधान में लगा हुआ है । किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत गोंण मंडी में एमएसपी खरीद केन्द्र आज मंगलवार को विधिवत रूप से शुरू किया जा रहा है । कृर्षि गौण मंडी नैनवां में व्यापार चालू करवाने के लिए निर्माण कार्य हेतु प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति जारी करने के लिए कृषि उपज मंडी समिति देई द्वारा एक बार फिर निदेशक कृषि विपणन निदेशालय जयपुर को रिमाइंडर पत्र भेजा गया है । पत्र में अवगत करवाया है कि 30 जनवरी 2026 को नवीन निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत नक्शे के अनुरूप प्रपोजल बना कर भेजा गया था । जिसकी स्वीकृति जारी नहीं होने से रिमाइंडर पत्र भेजा गया है ।



सचिव फतेह सिंह मीणा ने बताया कि गौण मंडी यार्ड में प्रवेश द्वार के सामने मुख्य सडक़ का कार्य । दो नीलामी प्लेटफार्म निर्माण कार्य , प्लेटफार्म के चारों ओर सडक़ निर्माण कार्य, गौण मंडी यार्ड में टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण , मंडी यार्ड में प्रकाश व्यवस्था हेतु मास्क लाइट का कार्य , कार्यालय भवन का निर्माण ,पेयजल के लिए बोरवेल का कार्य शीघ्रता से शुरू हो इसके लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति जारी करने का अनुरोध किया है ।

जैसे ही कृर्षि विपणन निदेशालय जयपुर से प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा ।

उपखंड अधिकारी ने बताया कि प्रशासन लेवल के सभी मुद्दों पर गंभीरता पूर्वक विचार मंथन किया गया है । कार्मिक धरने पर बैठे किसानों की समझाइए की गई है । किसानों के मांग पर ही गौण मंडी में खरीद केन्द्र शुरू किया जा रहा है । किसान प्रतिनिधि मंडल में किसान महापंचायत के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी,जिला महामंत्री कजोड़ मल धाकड़, पूर्व सरपंच सोजीलाल मीणा मौजूद रहे ।

# बयाना में शीतला माता का पूजन, महिलाओं ने बासी पकवानों का भोग लगाकर मांगी सुख-समृद्धि



बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( अमन झालानी )।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को भी श्रद्धा और आस्था के साथ शीतला माता का पूजन किया गया। इससे पहले रविवार को चौत्र मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने शीतला माता की पूजा-अर्चना की थी। वहीं सोमवार को षष्ठी के अवसर पर भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा की। कुछ परिवारों द्वारा मंगलवार को सप्तमी तथा बुधवार को शीतला अष्टमी के अवसर पर भी शीतला माता का पूजन किया जाएगा। सोमवार सुबह महिलाओं ने कस्बे के रानी बाग स्थित शीतला माता मंदिर तथा जाटव बस्ती के निकट स्थित चामड़ माता मंदिर पहुंचकर शीतल जल, दूध और दही से माता को स्नान कराया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बासी और शीतल पकवानों सहित अन्य शीतल पदार्थों का भोग लगाया। महिलाओं ने माता से अपने परिवार, बच्चों की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन गधों, गोवंश और श्वानों का भी पूजन किया जाता है। श्रद्धालुओं ने इन पशुओं को भी पकवान खिलाकर उनका पूजन किया और आशीर्वाद मांगा। मान्यता है कि चौत्र मास में शीतला माता का विशेष रूप से पूजन किया जाता है। इस दिन माता को शीतल जल और शीतल तरल पदार्थों से स्नान कराकर एक दिन पहले बनाए गए बासी और ठंडे पकवानों का भोग लगाया जाता है। श्रद्धालु अपने परिवार और बच्चों की सुख-समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। धार्मिक कथाओं के अनुसार शीतला माता को स्वास्थ्य की देवी माना गया है। मान्यता है कि उनकी पूजा-अर्चना करने से बच्चों और परिवार को विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव मिलता है और परिवार निरोगी बना रहता है। इसी अवसर पर बयाना के निकटवर्ती गांव ब्रह्मवाद स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में विशाल शीतला मेले का भी आयोजन किया जाता है। इस मेले में विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालु अपने परिवार के साथ पहुंचते हैं और माता के दरबार में मनौतियां मांगते हुए सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मेले का आयोजन ग्राम पंचायत के तत्वावधान में किया जाता है, जहां श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है।

# घर में अचेत मिला 23 वर्षीय युवक, अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया



बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( अमन झालानी )।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव नगला चीपरा में संदिग्ध परिस्थितियों में 23 वर्षीय युवक की मौत का मामला सामने आया है। परिजन युवक को अचेत अवस्था में बयाना के उपजिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान राजेश (23) पुत्र भूरा गुर्जर निवासी नगला चीपरा के रूप में हुई है। अस्पताल कर्मियों के अनुसार युवक को परिजन मृत अवस्था में ही अस्पताल लेकर आए थे। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस उपजिला अस्पताल पहुंची और शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक के चचेरे भाई पुष्पेंद्र उर्फ पुष्कर ने बताया कि वे खेती-किसानी का काम निपटाकर घर लौटे तो राजेश घर में अचेत अवस्था में पड़ा मिला और घर की महिलाएं रो रही थीं। इसके बाद परिजन उसे तुरंत उपजिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रामगिलास गुर्जर पुलिस टीम के साथ मौके के लिए रवाना हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# एमएसजे कॉलेज में 15 दिवसीय ईएलपी कार्यक्रम का हुआ समापन, छात्रों ने साझा किए अनुभव



बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। महारानी श्री जया (एमएसजे) कॉलेज में युवा साथी केंद्र द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ईएलपी (एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम) का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागी छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, क्योंकि इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विभिन्न रचनात्मक और सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान किया गया। इन गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों ने नई जानकारियां प्राप्त कीं तथा अपनी नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और टीमवर्क जैसी क्षमताओं को विकसित किया।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# जनसमस्याओं एवं मूलभूत सुविधाओं के प्रकरणों का समय पर करें निस्तारण-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि जनसमस्याओं का सभी विभाग संवेदनशीलता से निराकरण करते हुए मूलभूत सुविधाओं एवं सरकार की योजनाओं के लाभ के प्रकरणों में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतें।

जिला कलक्टर सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिले एवं उपखण्डवार विभागीय योजनाओं की प्रगति, मूलभूत सुविधाओं की आपूर्ति व जनसमस्याओं के निराकरण की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों को सभी अधिकारी गम्भीरता से लें। मूलभूत सुविधाओं एवं जीवन से जुडी जरूरतों की आपूर्ति के मामलों में समस्याओं का त्वरित निराकरण कर परिवादी को राहत प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित प्रकरणों में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतें, अधीनस्थ स्टाफ को पाबंद करें कि कोई भी व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए मौसमी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक भी करें।

जिला कलक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की विभागवार समीक्षा के दौरान कहा कि जिन प्रकरणों में बजट के अभाव में परिवादी को राहत नहीं दी जा सकती उसके बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पोर्टल के परिवादों का अधिकारी स्वयं के स्तर पर जांच करें, संतुष्ट नहीं होने वाले प्रकरणों में परिवादी से वार्ता कर समस्या का स्थाई समाधान करायें। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों को भी प्रतिमाह दस परिवादों की आकस्मिक जांच कर संबंधित विभागों से समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विभाग के असंतुष्ट एवं 40 दिवस से अधिक समय के लम्बित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। विद्युत निगम द्वारा डिमांड नोटिस की राशि जमा कराने के बाद भी समय पर विद्युत कनेक्शन नहीं करने के प्रकरण में विभागीय जांच कर दोषी पाये जाने पर कार्मिक के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में सभी विभागों को नियमित रूप से मॉनीटिरिंग कर समयबद्धता से कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व की बजट घोषणाओं के प्रगतिरत कार्य गुणवत्ता से पूरे हों तथा नवीन घोषणाओं में भूमि आवंटन से लेकर टैंडर आदि प्रक्रियाएं शीघ्रता से पूरी की जाएं। उन्होंने नदबई में मिनी सचिवालय एवं जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित नवीन कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन के साथ तकमीना तैयार करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंसन योजनाओं के सत्यापन के कार्य को शहरी क्षेत्रों में सभी शहरी निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत समितियां 31 मार्च तक शत प्रतिशत पूरा करायें जिससे कोई पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे। उन्होंने लाड़ो प्रोत्साहन योजना में बालिका के जन्म के समय ही आवश्यक दस्तावेज जमा करवाकर लाभान्वित करने, स्वावलम्बन योजना में दिव्यांगजनों की पात्रता की जांच कर यूडीआईडी कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड स्तरीय अधिकारी भी महिने के प्रथम सोमवार को वीसी के माध्यम से जुड़कर अन्तर्विभागीय समस्याओं का समाधान करते हुए विकास कार्यों व जनसमस्याओं का निराकरण करेगें। इस दौरान सीईओ जिला परिषद मृदुलसिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, सचिव बीडीए सुरेश नवल, जिला आबकारी अधिकारी राजीव शर्मा, सहायक निदेशक लोक सेवाऐं भारती भारद्वाज, आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई, उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी तथा वीसी के माध्यम से सभी उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी एवं विभिन्न विभागों उपखण्ड स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ब्रह्माकुमारीज को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा ठक। ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरिय महिला सम्मेलन आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य मंत्री भजनलाल शर्मा का वर्चुअल संदेश प्रसारित किया गया महिला एवं बालिकाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर ब्रह्माकुमारीज को मुख्य रूप से मुख्य बक्ता के रूप में ब्र. कु. प्रवीणा बहिन को आमंत्रित कर प्रशस्ती पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नलिनी कठोतिया संभागीय आयुक्त, भरतपुर, भ्राता कमर उल जमान, चौधरी जिला कलेक्टर भरतपुर, भ्राता रामस्वरूप कोली पूर्व सासंद, भ्राता घनश्याम शर्मा अतिरिक्त जिला कलेक्टर भरतपुर,शिवानी दायमा जिला अध्यक्ष भाजपा भरतपुर, भ्राता राजेश चौधरी उपनिदेशक, महिला अधिकारिता विभाग, भरतपुर, भ्राता राहुल सैनी, सिटी ए डी एम भरतपुर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र. कु. प्रवीणा बहिन, ब्र. कु. गीता बहन, ब्र. कु. पावन बहन,उपस्थित रही।

सभी ने कार्यक्रम से पूर्व ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्प भेंट कर कार्यक्रम शुभारम्भ किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने कहा शिक्षित महिला परिवार, समाज, और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बेटियों को हीरा बताते हुए कहा वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र. कु. प्रवीणा बहिन ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा महिला परिवार की धुरी मानी जाती है प्रत्येक नारी हर स्थान पर पुरुष के साथ सहारा बनकर खड़ी रहती है बहिन बनकर भाई को संभल प्रदान करती है, माँ बनकर बच्चों को संस्कार देती है और पत्नी बनकर पति को धर्म के मार्ग पर चलाती है नारी का स्थान सर्वोच्च माना जाता है भाई पंडित, पुजारी सन्यासी बनता है परन्तु अहवान् विद्या की देवी माँ सरस्वती की करता है, धन पुरुष कमाता है परन्तु अहवान् माँ लक्ष्मी का करता है योद्धा युद्ध के मैदान में जाता है शक्ति का वरदान मा दुर्गा से मांगता है हर स्थान पर नारी को ही पूजा जाता है अब नारी पुनः देवी बने तो वह जग का कल्याण कर सकती है।

वर्तमान समय नारी को आध्यात्मिक सशक्तिकरण की जरुरत है। इस अवसर पर सभी वर्ग की 900 से अधिक महिलाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित रही।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएनबी मण्डल कार्यालय में महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक मण्डल कार्यालय, भरतपुर में एक दिवसीय महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा।

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भरतपुर के माध्यम से भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सोच के अनुरूप महिलाओं को मधुमक्खी पालन एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं को पीएनबी प्रेरणा की अध्यक्षा शुभी शर्मा एवं प्रयास संस्था की अध्यक्षा अंजू मित्तल द्वारा प्रमाण पत्र एवं टूल किट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक महिलाएं लाभान्वित हुईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंजाब नेशनल बैंक के मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए बैंक निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को आगे बढ़ाने में पंजाब नेशनल बैंक हमेशा कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रहा है। महिला दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा।

इस अवसर पर मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार शर्मा के निर्देशन में प्रोफेसर आरती चोपड़ा (पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर) तथा पीएनबी प्रेरणा की अध्यक्षा शुभी शर्मा द्वारा पंजाब नेशनल बैंक मण्डल भरतपुर की महिला अधिकारियों को भी एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार शर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार, राजभाषा प्रबंधक लक्ष्मी मीणा, आरसेटी निदेशक मलूक सिंह एवं अंकुर शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आदि गौड़ ब्राह्मण महासभा समिति द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** आदि गौड़ ब्राह्मण महासभा समिति, भरतपुर द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिमोहन शर्मा ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 रामदास शर्मा ( सहायक उपनिदेशक, शिक्षा विभाग) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर, अगरबत्ती एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर, साफा पहनाकर तथा चंदन का तिलक लगाकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रामदास शर्मा का ब्राहमण ज्योति दीप शिक्षा के प्रधान सम्पादक बनने पर माला, साफा पहनाकर व स्मृति चिंह भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में अन्य कार्यकर्ता गण में शिचरणलाल वाजपेई, विनोद कुमार शर्मा, प्रेमप्रकाश शर्मा, रमेश चंद शर्मा, गोपालराम शर्मा, वीरेंद्र कुमार शर्मा, उमेश चंद शर्मा, ज्ञानचंद भारद्वाज, योगेश कुमार शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, अमरचंद शर्मा, देवेश शर्मा, शैलेष शर्मा, चन्द्रशेखर शर्मा आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन अंत में मुख्य अतिथि रामदास शर्मा की काव्य रचना के साथ हुआ।

## प्रदेश के जनता के लिए वसुंधरा राजे सिर्फएक नेता नहीं बलकि एक प्रेरणा है

# लाखों की तादात में जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे लोग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया का इकवाल आज भी बुलंद है। उनके जनमदिन पर राजस्थान की लाखों की संख्या में जनता उन्हें जन्मदिन की बधाई देने पहुंची। जहां राजे ने धौलपुर के महलों से जनता की बधाई स्वीकार की ।

राजस्थान की धरा पर जहाँ शौर्य और पराक्रम का इतिहास लिखा गया है वहीं आज भी कुछ ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनकी धमक सत्ता के गलियारों से बाहर निकलकर सीधे जन-जन के हृदय में गूंजती है।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री, विकास की सूत्रधार और लाखों कार्यकर्ताओं के दिलों की धड़कन वसुंधरा राजे सत्ता का सिंहासन भले ही आज उनके पास न हो लेकिन उनका रसूख, उनका अंदाज और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका अपनापन आज भी वैसा ही है जैसे कल था। कहते हैं एक असली नेता वो नहीं जो कुर्सी पर बैठकर हुकूमत करे बल्कि वो है जो बिना कुर्सी के भी लोगों के दिल पर राज करे और वसंधरा राजे इसी का जीवंत उदाहरण हैं।

झालोर जिले का रानीवाड़ा क्षेत्र आज यहाँ की फिज़ाओं में कुछ अलग ही भक्ति और राजनीति का मेल नजर आया। मौका था वसुंधरा राजे के जन्मदिन का लेकिन शिलासन गांव में जो तस्वीर दिखी उसने पूरे प्रदेश का ध्यान खींच लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता ऊक सिंह परमार और युवा भाजपा नेता मंजीराम चौधरी की अगुवाई में यहाँ उमड़ा जनसैलाब महज एक भीड़ नहीं बलकि राजे के प्रति उस अटूट निष्ठा का प्रमाण था जो वक्त की आंधियों में भी कम नहीं हुई। गूंजते हनुमान चलिसा के पाठ ने न केवल वातावरण को भक्तिमय बनाया बलकि यह संदेश भी दिया कि राजे के चाहने वालों का कारवां आज भी पूरी ताकत से खड़ा है। इस आयोजन को महज एक जन्मदिन का जश्न समझना भूल होगी। झालोर की जनता वसुंधरा राजे के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं वह किसी बड़े राजनीतिक संदेश से कम नहीं है। चर्चा यह है कि जिले की हर राजनीतिक हलचल पर उनकी राजे से सीधी मंतरणा होती है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि राजे की कार्यशैली में वो चुम्बकीय शक्ति है जो हर छोटे बडे कार्यकर्ता को उनकी ओर खींच लाती है। वो कार्यकर्ताओं का हाल जानते हैं, उनसे जुड़े रहते हैं और इसी लिए आज भी राजे का रुतबा वही है जो कल था।

झालोर की माटी ने आज एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रदेश के जनता के लिए वसुंधरा राजे सिर्फ एक नेता नहीं बलकि एक प्रेरणा हैं। चाहे वो विकास की लकीरें खींचने का अंदाज हो या फिर कार्यकर्ताओं के सिर पर हाथ रखने की परंपरा, राजे का जादू बरकरार है। शिलासन से उठी यह गूंज बता रही है कि भविष्य के सियासी समीकरणों में यह जुगलबंदी एक नई कहानी लिखने को तैयार है।

# भाजपा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला आयोजित

## कार्यकर्ताओं के निर्माण एवं उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षण जरूरी - छगन माहुर

## जिले के 39 मंडलों में 12 से 25 मार्च के मध्य आयोजित होंगे प्रशिक्षण वर्ग : मेवाड़ा

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला संगठन द्वारा जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर एवं पूर्व महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य एवं अभियान जिला संयोजक जिला महामंत्री अविनाश जीनगर की उपस्थिति में किया गया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलेभर में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गों को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना, कार्य पद्धति में सिद्धांत आधारित आचरण विकसित करना, पार्टी के इतिहास और विकास की जानकारी देना, सक्षम कार्यकर्ताओं का निर्माण करना तथा राष्ट्रीय चुनौतियों और नैरेटिव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है और यही उसकी वैचारिक शक्ति का आधार है। कार्यकर्ता में दायित्व बोध से व्यक्तित्व निर्माण होता है और व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण को बल मिलता है। एक विचार को लेकर चलने वाली भारतीय जनता पार्टी आज देशभर में वटवृक्ष के रूप में स्थापित हो चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व में परम वैभव की ओर ले जाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का आह्वान किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि जिले के 39 मंडलों में 12 से 25 मार्च के मध्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे।

कार्यशाला के प्रारंभ में अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री अविनाश जीनगर ने सभी का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा सभी के समक्ष रखी। संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। अंत में आभार अभियान सहसंयोजक केसर सिंह चौधरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अभियान जिला सहसंयोजक राजेश सेन, विशाल गुरुजी, रामेश्वर छीपा, हेमंत शर्मा, अभिश्रुता सोलंकी, सुनिल देवपुरा, राजेंद्र सालवी, बहादुर सिंह भी मंचासीन रहे।

कार्यशाला में जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, कुलदीप शर्मा, मंजू चेचाणी, गोपाल तेली, अमरसिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह मोटरास, लादूलाल जाट, कांता शर्मा, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिरला, भूपेंद्र सिंह, अनिल सिंह जादौन, रागिनी गुप्ता, महावीर समदानी, अजय नौलखा, महेंद्र नायक, आकाश मलावत, बाबूलाल आचार्य, पूरण डीडवानिया, इमरान कायमखानी, मंजू पालीवाल, शंकरलाल जाट सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पटेल स्कूल से चंपानगर तक प्रारंभिक शिक्षा विभाग के दफ्तर में नई हलचल

### खाली पड़े उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन में शिफ्ट होगा प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय

### सोमवार को निरीक्षण और कर्मचारियों की आवाजाही से बढ़ी चहल-पहल




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर शहर में शिक्षा विभाग के गलियारों में इन दिनों हलचल देखने को मिल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय, जो अब तक पटेल स्कूल परिसर में संचालित हो रहा था, उसे अब चंपानगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन में स्थानांतरित किया जा रहा है सोमवार को इस बदलाव को लेकर प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खासा उत्साह और गतिविधियां देखने को मिलीं। सूत्रों के अनुसार चंपानगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पहले ही अन्य विद्यालय में समावेशित किया जा चुका था, जिसके बाद से उसका भवन खाली पड़ा हुआ था। इसी भवन का उपयोग अब प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के संचालन के लिए किया जाएगा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दिनों में प्रारंभिक शिक्षा विभाग से संबंधित सभी प्रशासनिक कार्य इसी नए भवन से संचालित होंगे।

सोमवार को कई कर्मचारी भी चंपानगर स्थित भवन में आते-जाते दिखाई दिए और व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा करते नजर आए इसी क्रम में प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा भी स्वयं मौके पर पहुंचे और भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। माना जा रहा है कि कार्यालय के पूर्ण रूप से स्थानांतरित होने के बाद शिक्षा विभाग के कार्यों को नई गति मिलेगी।

# बालाजी महाराज की आराधना में कन्हैया के भजनों पर भक्ति में डूब झूमे हजारों श्रद्धालु

### श्रीसांवरिया हनुमानजी मंदिर कारोई के छठे पाटोत्सव के तहत श्री श्याम बालाजी संकीर्तन का भव्य आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( अमित शर्मा )।** सबके कष्ट दूर करने वाले नव निधि के दाता राम भक्त हनुमानजी की भजनों के माध्यम से भक्ति की ऐसी धारा बही कि उसके साथ हजारों श्रद्धालु भी स्वयं को झूमने से नहीं रोक पाए। हर कोई हनुमंत भक्ति की अविरल रसधारा में डूबने के लिए आतुर हो उठा। भक्ति का ये अनुपम नजारा रविवार रात कारोही में राजमार्ग पर स्थित श्रीसांवरिया हनुमान मंदिर के चार दिवसीय छठे पाटोत्सव के पहले दिन मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री श्याम बालाजी संकीर्तन में साकार हुआ।

प्रख्यात भजन गायक कन्हैया मित्तल जैसे ही मंच पर आए उनकी एक झलक पाने को श्रद्धालु आतुर हो उठे ओर बालाजी महाराज व सांवलिया सेठ के जयकारे गूंजायमान होने लगे। पहली बार कारोई आए कन्हैया मित्तल ने हनुमानजी महाराज की भक्ति में वीरा हनुमाना अति बलवाना, श्रीरामजी के दूत खास बालाजी, केसरी के लाल अपने रामजी से कह देना जय सियाराम, श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में जैसे भजन प्रस्तुत कर भक्तों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। खांटू वाले श्याम बाबा की स्तुति में हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा,मतलब की इस दुनिया से मुझको नफरत है, खांटू वाले श्याम धणी से मुझे मोहब्बत है, ओ मेरी झोली भर दे श्याम बाबा आदि भजनों की प्रस्तुति ने माहौल धर्ममय बना दिया। इस दौरान पूरा पांडाल हनुमानजी महाराज की जय, जय श्रीराम, जय सियाराम, खांटू श्याम की जय जैसे जयकारों से गूंजायमान हो उठा।

# सैकड़ों लोगो ने दीवाना शाह दरगाह कपासन की रोजा इफ्तारी में की अमनो सुकून की दुआ



कपासन, प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ स्थित अहमद कबीर मंजिल मे रोजा इफ्तार करते हुये।

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ में रविवार को सैकड़ो लोगो द्वारा रोजा ईफ्तारी मे शिरकत कर मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ की गयी। दरगाह ऑफिस सैक्रेट्री शफी मोहम्मद छीपा ने बताया कि उदयपुर के परवेज कुरेशी एंड ब्रदर्स की जानिब से अहमद कबीर मंजिल मे रोजा ईफ्तारी का कार्यक्रम रखा गया।रोजा ईफ्तारी मे उदयपुर अन्जूमन सदर मुख्तार अहमद कुरैशी,भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री इकराम कुरैशी,कॉलेज निदेशक वसीम खान सहित मेहमानाने दीवाना पीया एवं कई मोतबिरान के साथ सैकड़ो रोजेदारो द्वारा शिरकत की गयी।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री का यह संकल्प है कि सुदूर अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक स्वच्छ भारत मिशन का लाभ पहुंचना चाहिए : के के गुप्ता

### 90 ए में भू उपयोग परिवर्तन के पश्चात कॉलोनाइजर की जिम्मेदारी है मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( मोहित जैन )।** स्वच्छ भारत मिशन शहर राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्त प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के के गुप्ता द्वारा सोमवार नगर निगम अजमेर के नवनिर्मित भवन के सभागार में नगर निगम सहित जिले की सभी नगर निकायों के आयुक्त, अधिशासी अधिकारी और स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कार्यशाला को संबोधित किया गया। प्रारंभ में नगर निगम अधिकारियों द्वारा ब्रांड एंबेसडर गुप्ता का स्वागत अभिनंदन किया गया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री की यह मंशा है कि राज्य के किसी भी जिला गांव ढाणी में बैठा व्यक्ति स्वच्छता से वंचित नहीं रहे क्योंकि जहां स्वच्छता और साफ सफाई होगी तो वातावरण में शुद्धता रहेगी। वही, जहां शुद्धता का वास होता है वहां के लोगों का स्वास्थ्य भी हमेशा अच्छा रहता है तथा एक स्वस्थ बौद्धिक मानव संसाधन देश और प्रदेश को प्रगति के राह पर ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रदेश और केंद्र की सरकार द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं चलाई जाती हैं जिसमें करोड़ों रुपए व्यय होता है वहीं यदि लोगों का स्वास्थ्य उत्तम रहेगा तो इन योजनाओं पर होने वाला खर्च बचेगा और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में यह धनराशि उपयोग में आएगी।

### 90 ए के अंतर्गत भू उपयोग और कॉलोनाइजर की जिम्मेदारी के बारे में स्पष्ट निर्देश दिए

90 ए को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए की 90 ए करने के पश्चात जब तक निर्माण की स्वीकृति जारी नहीं की जाए जब तक भूमि का पूरा डेवलपमेंट संबंधित भू मालिक द्वारा नहीं कर दिया जाए। जिसमें रोड लाइट, पानी, नाली तथा बगीचे जैसे आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने पश्चात ही उसे जो 12.5 परसेंट प्लॉट रोके गए हैं उसको आवंटन किया जाए। उससे पहले किसी भी सूरत में अगर आपने आवंटन कर दिया तो उसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार रहेगा। जनता यह नहीं समझती कि कॉलोनी में डेवलपमेंट संबंधित मालिक द्वारा किया जाएगा। वह तो केवल निकायों को कोसती है तथा निकाय से उम्मीद करती है कि सभी तरह की सुविधा उन्हें उपलब्ध कराई जाए जबकि यह स्पष्ट है कि जो भी व्यक्ति कॉलोनी कटेगा वही सारी व्यवस्थाओं सुविधाओं का संचालन करेगा।

### बिना लाइसेंस के मांसाहार सामग्री बेचना है अपराध

ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए की यदि कोई व्यक्ति बिना लाइसेंस के मांसाहार सामग्री इत्यादि बेचता है तो उसके विरुद्ध सक्षम धाराओं में आपराधिक मामला दर्ज कराया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर खुले रूप से मांस मछली बेचे जाने को भी निषेध किया जाए। नगर निकाय द्वारा अनुज्ञाधारक व्यक्ति द्वारा ही मांस बेचने की दुकान चलाई जा सकती है वह भी स्थानीय निकाय विभाग से समय-समय पर जारी होने वाली गाइडलाइन के अनुरूप गतिविधि होनी चाहिए।

### स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो के साथ जनता का जुड़ाव भी जरूरी है

स्वच्छता के कार्यों के साथ आम जनता को भी जोड़ने के लिए जन जागरूकता और प्रचारात्मक गतिविधियां की जाए। विभिन्न वार्ड में खाली पड़े हुए भूखंड की साफ सफाई नगर परिषद द्वारा करते हुए उस पर बोर्ड लगाया जाए और भूखंड मालिक को नोटिस जारी करते हुए जुर्माना वसूला जाए।

प्लास्टिक रोकथाम के लिए धरपकड़ अभियान चलाया जाए। सड़कों पर खुले में गौ माता नहीं घूमे, इसके लिए उन्हें पड़कर गौशाला में छोड़ जाए। नगर परिषद के सभी बाग बगीचों में बच्चों के लिए झूले, मॉर्निंग वॉक पाथवे, फाउंटेन, रंग रोगन और चौकीदार की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए।

### स्व. चंद्रकांता मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

# ब्रह्मानंद धाम में सैकड़ों कांग्रेसजनों व नागरिकों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल ) ।** वर्ष 2003 में ब्यावर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व पीसीसी सदस्य स्वर्गीय चंद्रकांता मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर ब्रह्मानंद धाम के हाल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और शहर के गणमान्य नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानक डाणी तथा विशेष अतिथि पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में मनोज चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष इसिका जैन, सेवा दल के विक्रम सोनी, एनएसयूआई के जयदीप सिंह रावत, पीसीसी सदस्य सहदेव सिंह रावत, ब्लॉक अध्यक्ष अजय शर्मा, नगर अध्यक्ष भरत बाघमार और जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धर्म सिंह भाटी शामिल रहे इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. चंद्रकांता मिश्रा द्वारा कांग्रेस पार्टी के लिए किए गए समर्पण और ग्रामीण क्षेत्रों में कराए गए विकास कार्यों को याद किया। मानक डाणी ने उनके संगठनात्मक योगदान को प्रेरणादायक बताया, जबकि पारस पंच ने कार्यकर्ताओं से उनके बताए मार्ग पर चलकर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अजय शर्मा ने उनके व्यक्तित्व को महान बताया। वहीं उनके पति ओमप्रकाश मिश्रा ने उनके जीवन चरित्र और ईमानदार व्यक्तित्व को याद करते हुए भावपूर्ण स्मृतियाँ साझा कीं। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह रावत, अजमत काठात, मनोज चौहान, धर्म सिंह भाटी, श्रीमती गंगा रावत, अमीना बानो, शैलेंद्र काठात, पप्पू काठात, भेर सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह पवार, अमीन काठात, गणपत सिंह, मोती सिंह रावत, सहदेव सिंह रावत, धर्मेश रिणवा, सोहन मेवाड़ा, राजेंद्र शर्मा, शंभूदयाल व्यास, मनोज व्यास, सी.पी. अग्निहोत्री, रमेशचंद्र दाधीच, कैलाशचंद्र मिश्रा, सुनील व्यास, मनोज शर्मा, हरिराम मेघवाल, पुष्पांजलि पारीक सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए सभा में अरविंद माथुर, ऋषि लाबा, राजेंद्र ओस्तवाल, डॉ. राजीव जैन, डॉ. सुनील सोनी, अशोक राका, भगवान सिंह कड़ीवाल, वीरेंद्र सिंह पवार, कैलाश गहलोत, अरुण शर्मा, चौथमल बंसीवाल, टीकम सिंह कड़ीवाल, दिनेश सिंह शाहपुरा, सिकंदर काठात, अरुण गुप्ता, नारायण सिंह नरबदखेड़ा, ओम सोनी, उमराव सिंह रावत, विनोद बंसीवाल, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। मिश्रा परिवार की ओर से शांति देवी, कैलाश चंद्र मिश्रा, निर्मला मिश्रा, गोविंद मिश्रा, रामनिवास मिश्रा, निरंजन मिश्रा, अभिषेक मिश्रा और विमला मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र सिंह लोटियाना ने किया।

# प्रसिद्ध शक्तिपीठ मूला माता के दरबार में चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी

## कपासन में स्थित मूला माता मंदिर पर 19 मार्च से होगा भव्य मेले का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर के राजमार्ग स्थित प्राचीन शक्तिपीठ मूला माता के दरबार में दस दिवसीय मेले का 19 मार्च को विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भव्य शुभारंभ होगा।जिसको लेकर नगर के राजमार्ग से मुला माता मंदिर तक विभिन्न तैयारियां पुरजोरता के साथ जारी है।जिसमे भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है।जिससे आगंतुक भक्तों एवं श्रद्धालुओं सहित मेलार्थियों को किसी परेशानी का सामना ना करना पड़े।साथ ही उक्त दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले के रंगमंच पर प्रतिदिन आगंतुक सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं मेलार्थियों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक एवं परंपरागत राजस्थानी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

इधर श्री मूला माता मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका कपासन पार्षद सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि कपासन राजमार्ग स्थित पुरातात्विक महत्व के एवं भक्तों एवं श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र श्री मूला मातारानी के दरबार में आयोजित दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले में प्रतिदिन

महाभंडारे का आयोजन किया जायेगा।जिसके माध्यम से आगंतुक सैकड़ों भक्त मातारानी के प्रसाद से लाभान्वित होंगे।साथ ही समिति अध्यक्ष आचार्य ने बताया कि उक्त भव्य चैत्र नवरात्रि मेले में आगंतुक मेलार्थियों एवं बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले,चकरी एवं विभिन्न स्टालें लगेंगे।जिसका मेलार्थियों द्वारा लुत्फ उठाया जायेगा। यहां राजमार्ग से मुला माता मंदिर तक मुला माता विकास समिति द्वारा आकर्षक विद्युत साज-सजावट एवं आवागमन मार्ग पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था की जा रही है।जिससे आगंतुक मेलार्थियों एवं श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।



# होली स्नेह मिलन में झलकी सिंधी समाज की एकता और उल्लास

### नंद नगर में आयोजित कार्यक्रम में समाज बंधुओं ने गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर सिंधी सेंट्रल पंचायत सोसायटी ब्यावर द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह रविवार को नंद नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिंधी समाज के गणमान्य बंधुओं ने उपस्थित होकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया संस्था के अध्यक्ष प्रेमचंद मंगलानी ने संस्था का परिचय देते हुए आगामी सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। वहीं सचिव रमेश अलवानी ने संस्था का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। जिला अध्यक्ष आसनदास वासवानी ने अपने उद्बोधन में समाज में एकता बनाए रखने तथा घर-परिवार में सिंधी भाषा बोलने पर जोर दिया कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं ने रंग-गुलाल से होली खेलकर खुशियां बांटी इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमचंद मंगलानी, सचिव रमेश अलवानी, कोषाध्यक्ष दीपक रामचंदानी, संघरक्षक आसनदास वासवानी, खुशाल रामचंदानी, निक्कू सिंधी, ईश्वर राजवानी, गोपाल लालवानी, हेमंत जेठवानी, तेऊराम मंगलानी, कन्हैया लाल रतवानी, भगवानदास भोजवानी, सन्नी बाबानी, जैकी राजवानी, नीरज मोतियानी, कपिल मंगलानी सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल से बनेगा विकसित भारत : प्रधानमंत्री मोदी

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजट के बाद आयोजित वेबिनार श्रृंखला के चौथे सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सरकार का मूल ध्येय और संकल्प है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे मूलभूत क्षेत्र जन आकांक्षाओं को पूरा करने के बड़े माध्यम हैं। इसी उद्देश्य से बजट वेबिनार में इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा की जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, विद्वानों, उद्यमियों और युवाओं के सुझाव बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

### हेल्थ सेक्टर में केयर इकॉनमी के बढ़ते अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज प्रिवेंटिव और होलिस्टिक हेल्थ के लिए एक बड़े विजन पर काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है और सैकड़ों जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं। आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी और दुनिया के कई देशों में केयरगिवर्स की मांग भी बढ़ रही है। ऐसे में हेल्थ सेक्टर में युवाओं के लिए स्किल आधारित रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विशेषज्ञों से नए ट्रेनिंग मॉडल और साझेदारी विकसित करने के सुझाव देने का आग्रह किया।

### नई शिक्षा नीति से आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की नींव

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश के युवाओं के माइंडसेट में बड़ा बदलाव आया है। आज गांव, कस्बों और शहरों से आगे बढ़कर हर युवा कुछ नया करने का सपना देख रहा है। उन्होंने कहा कि इस नई सोच को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा प्रणाली को लगातार आधुनिक और अपडेट रखना होगा। नई शिक्षा नीति ने इसके लिए मजबूत आधार तैयार किया है। अब जरूरी है कि पाठ्यक्रम बाजार की जरूरतों के अनुसार अपडेट हों और शिक्षा प्रणाली को रियल वर्ल्ड इकॉनमी से तेजी से जोड़ा जाए। उन्होंने ढ्ढ, ऑटोमेशन, डिजिटल इकॉनमी और डिजाइन ड्रिवन मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस बढ़ाने की आवश्यकता बताई।

### एजुकेशन को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने पर जोर

नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए लगातार काम हो रहा है। यूनिवर्सिटी टाउनशिप जैसे नए मॉडल इसी सोच को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत एवीजीसी सेक्टर यानी एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स को बढ़ावा दे रहा है और देश इनोवेशन आधारित अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने शिक्षाविदों से आग्रह किया कि वे अपने कैंपस को इंडस्ट्री कोलैबोरेशन और रिसर्च ड्रिवन लर्निंग का केंद्र बनाने पर विचार करें, ताकि छात्रों को रियल वर्ल्ड एक्सपोजर मिल सके।

### एसटीईएम में बेटियों की बढ़ती भागीदारी

पीएम मोदी ने कहा कि विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित यानी स्त्रश्वरूक्षेत्रों में बेटियों की रुचि लगातार बढ़ रही है, जो गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि भविष्य की तकनीकों के दौर में यह सुनिश्चित करना होगा कि अवसरों की कमी के कारण कोई भी बेटी पीछे न रह जाए। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और ऐसा रिसर्च इकोसिस्टम विकसित करने पर जोर दिया, जहां युवा शोधकर्ताओं को नए प्रयोग और नवाचार करने के पर्याप्त अवसर मिलें।

### खेलों को राष्ट्रीय विकास की धारा बनाने पर जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा शक्ति तभी राष्ट्रीय शक्ति बनती है जब वह स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वासी हो। इसी कारण पिछले वर्षों में खेलों को राष्ट्रीय विकास की महत्वपूर्ण धारा के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया जैसी पहलों से देश में स्पोर्ट्स इकोसिस्टम को नई ऊर्जा मिली है और खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने प्रतिभाओं की पहचान को बेहतर बनाने, खिलाड़ियों को संरचित आर्थिक सहायता देने और खेल संस्थाओं को अधिक प्रोफेशनल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में देश में कॉमनवेल्थ गेम्स होने हैं और भारत ओलंपिक आयोजन के प्रयास में भी जुटा है। ऐसे में कम उम्र से ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें तराशना जरूरी है।

## जयपुर-अजमेर के 4 रेस्टोरेंट पर इनकम टैक्स का सर्वे

### स्टाफ से पूछताछ कर रही टीमें, खंगाले डॉक्यूमेंट्स; बड़ी टैक्स चोरी का अंदेशा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के तीन और अजमेर के एक रेस्टोरेंट पर आयकर विभाग के सर्वे की कार्रवाई दूसरे दिन सोमवार को भी जारी है। रविवार दोपहर जयपुर के गांधी पथ स्थित रोसाडो बार एंड रेंस्टोरेंट, राजापार्क स्थित कबाब्स एंड करीज और अजमेर रोड स्थित द पार्क पैलेस पर सर्वे की कार्रवाई शुरू की गई थी। वहीं अजमेर के स्वामी कॉम्प्लेक्स चौराहा स्थित मैंगो मसाला रेस्टोरेंट पर भी कार्रवाई हो रही है। आयकर विभाग की टीमें मैनेजमेंट और स्टाफ से पूछताछ के साथ ही डॉक्यूमेंट्स खंगाल रही हैं। आयकर विभाग को बड़ी टैक्स चोरी का अंदेशा है।

## सुखदेव गोगामेड़ी की पत्नी ने दी आत्मदाह की धमकी

### बोलीं-मांगे नहीं मानी तो आत्मदाह करुंगी

बढ़ता राजस्थान

**आसपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पत्नी शीला गोगामेड़ी ने सीएम हाउस के आगे आत्मदाह की चेतावनी दी है। बता दें कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर 29 मार्च को जयपुर में महापड़ाव की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पत्नी शीला गोगामेड़ी सोमवार सुबह 11:30 बजे आसपुर पहुंची और 29 मार्च को जयपुर पहुंचने का आह्वान किया।

बता दें कि 5 दिसंबर 2023 को सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में उनके घर में घुसकर 3 बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसे लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन हुए। साथ ही मामले की जांच एनआईए को सौंप दी गई।

आसपुर पहुंची शीला गोगामेड़ी ने कहा-सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के बाद जब जांच एनआईए सौंपी गई, तब से फाइल केवल रखने के काम आई है। सीसीटीवी से जिन तीन हत्यारों को पकड़ा था, केवल उन्हें बिठा रखा है। एनआईए ने कोई भी ऐसा काम नहीं किया, जिससे हमें संतुष्टि मिले। हम चाहते हैं कि हमारा केस एनआईए से लेकर एजीटीएफ को दिया जाए।

## जयपुर के वकील को हनीट्रैप में फंसाने की धमकी

### महिला ने इमोशनल ब्लैकमेल कर बनाए संबंध; अब 2.50 लाख की डिमांड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर एडवोकेट को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। इमोशनल ब्लैकमेल कर महिला ने शारीरिक संबंध बनाकर चोरी-छिपे अश्लील वीडियो बनाया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 2.50 लाख रुपए की डिमांड की। मुरलीपुरा थाने में पीड़ित एडवोकेट ने ब्लैकमेलर महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया-नाहरगढ़ इलाके में रहने वाले 46 साल के एडवोकेट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सितंबर 2025 में एक प्रोग्राम के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी महिला जिज्ञासा (बदला हुआ नाम) से हुई थी।

**पसंद होने की कहकर फ्रेंडशिप करने का ऑफर रखा-** पुलिस ने आगे बताया- इसके बाद कई प्रोग्राम में दोनों की मुलाकात होने पर बातचीत होने लगी। वॉट्सऐप कॉल के जरिए आरोपी महिला उससे बात करती थी। बातचीत के दौरान पसंद होने की कहकर फ्रेंडशिप करने का ऑफर रखा। दोस्ती होने पर मिलने के लिए समय निकालने का दबाव बनाने लगी। नवंबर-2025 में खुद का मूड खराब होने की कहकर तीन दिन बाहर घूमने चलने का दबाव बनाने लगी।

## ममता बनर्जी के धरने का चौथा दिन, रवींद्र संगीत सुनाया

### बोलीं धरना स्थल पर भाजपा पर्चे बांट रही, इनमें पीएम की रैली का प्रचार



बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी है। आज धरना स्थल पर ममता ने रवींद्र संगीत दल के साथ गाना गाया।

ममता ने आरोप लगाया कि उनके धरना स्थल पर भाजपा और उसकी एजेंसियों पर्चे बांट रहे हैं। ममता ने टीएमसी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे पर्चे बांट रहे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दें। पर्चों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 14 मार्च को कोलकाता में होने वाली रैली का प्रचार किया जा रहा है। ममता ने अपने समर्थकों से कहा, किसी अन्य राजनीतिक दल के कार्यक्रमों में ऐसे पर्चे बांटने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है। उन्हें पकड़ो और पुलिस के हवाले कर दो। बनर्जी ने राज्य मंत्री शशि पांजा को भी इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पर्चे बांटने में शामिल लोग पूछताछ के बाद भाग गए। ममता ने राज्य में स्पेशल इंटेसिव रिविजिन में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, उनके पास जनता का समर्थन नहीं है।

## बिटकॉइन इन्वेस्ट में फंसाकर 10 करोड़ रुपए ठगे

### 244 लोगों को मेंबर बनाकर मोटे प्रॉफिट का दिया था लालच; 3 गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर की श्याम नगर थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड गिरोह के तीन बदमाशों को सोमवार दोपहर गिरफ्तार किया है। तीनों बदमाशों ने मलेशिया के माइनिंग सर्वर रुम का वीडियो दिखाकर मोटे प्रॉफिट का लालच देकर 244 लोगों को बिटकॉइन इनवेस्ट में फंसाया था। इसके बाद 10 करोड़ रुपए ठगे थे। आरोपियों के कब्जे से विदेशी करेंसी और करेंसी काउंटिंग मशीन जब्त की गई है।

### मलेशियाई और यूएई की करेंसी जब्त

डीसीपी (साउथ) राजर्षि राज ने बताया कि आरोपी अविनाश शर्मा (29) निवासी हनुमान वाटिका आमेर, जितेन्द्र सिंह (46) निवासी ऑफिसर कॉलोनी कनकपुरा करधनी और चमन सिंह (52) निवासी शेखावटी नगर रोड नंबर-14 हरमाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। तीनों के कब्जे से 10 एटीएम कार्ड, 37 मलेशियाई करेंसी (रिन्गिट), 40 यूएई की करेंसी, (दिरहम), एक लेपटॉप, 04 मोबाइल और 1 करेंसी काउंटिंग मशीन बरामद की गई है।

## गोविंद देवजी मंदिर में पहली बार गणगौर पूजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** गणगौर के सोलह दिवसीय उत्सव की शुरुआत के साथ रविवार को जयपुर के आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में पहली बार गणगौर पूजन का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में सैकड़ों महिलाएं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचीं और मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में गणगौर माता की विधि-विधान से पूजा कर अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। श्रद्धा और भक्ति से भरे इस आयोजन में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्सव का शुभारंभ हुआ। पूजन के लिए महिलाएं पारंपरिक लाल परिधान और राजस्थानी आभूषण पहनकर मंदिर पहुंचीं। माता पार्वती के स्वरूप गणगौर और भगवान भोलेनाथ के स्वरूप ईसर का विधिवत पूजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीत गाते हुए समूह में भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। गणगौर माता को होली से तिलक लगाया गया और काजल, मेहंदी सहित अन्य सुहाग की सामग्री अर्पित की गई।

## बंगाल पहुंचे चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, कालीघाट में पूजा की

### लोगों ने गो-बैक के पोस्टर, काले झंडे दिखाए; बीजेपी की मांग- 3 फेज में ही कराएं चुनाव

बढ़ता राजस्थान



**कोलकाता (एजेंसी)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रविवार शाम को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने कोलकाता पहुंचे। 3 दिन चलने वाली चुनाव आयोग की फुल बेंच मीटिंग के बीच सोमवार को ज्ञानेश कुमार कालीघाट में पूजा करने पहुंचे।

मंदिर के बाहर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने गो बैक के पोस्टर और काले झंडे दिखाए। इसके पहले रविवार को भी कोलकाता पहुंचने पर कुछ लोग उनके काफिले के सामने झंडे लेकर पहुंचे और नारेबाजी करते दिखे। इधर, बीजेपी के एक डेलीगेशन ने सोमवार को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की फुल बेंच से मुलाकात की और मांग की कि 2026 का पश्चिम बंगाल असेंबली चुनाव तीन फेज में ही कराया जाए। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को खत्म होने वाला है। 294 सीटों पर अप्रैल में चुनाव होने की उम्मीद है। 2021 में टीएमसी ने 215 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। ममता बनर्जी मुख्यमंत्री चुनी गई थीं।

रविवार को पश्चिम बंगाल के स्थानीय लोग न्यू टाउन में एक प्राइवेट होटल के सामने इकट्ठा हुए, उन्होंने गो बैक, ज्ञानेश कुमार, डेमोक्रेसी के हत्यारे लिखी टीशर्ट पहनी थी। जब चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार, इलेक्शन कमिश्नर एसएस संधू, विवेक जोशी और सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर मनीष गार्ड और पवन कुमार के साथ सीईसी ज्ञानेश कुमार कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे, तो प्रदर्शनकारी वहां भी पहुंच गए।



## कुनो नेशनल पार्क में 'ज्वाला' ने फिर दिया शावकों को जन्म, भारत में चीतों की संख्या बढ़कर हुई 53

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को जानकारी दी कि नामीबियाई चीता 'ज्वाला' ने जो तीसरी बार सफलतापूर्वक मां बनी है, कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा कि इस जन्म के साथ, भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है, जो भारतीय धरती पर चीतों के 10वें सफल प्रजनन का प्रतीक है और भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक और महत्वपूर्ण सफलता है।

केंद्रीय मंत्री ने इसे 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह उपलब्धि पशु चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ और इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों के समर्पित प्रयासों, कौशल और प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो लगातार जमीनी स्तर पर अथक परिश्रम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन शावकों के आगमन के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या 53 हो गई है।

इसे वन्यजीव संरक्षण के लिए एक ऐतिहासिक और हृदयस्पर्शी क्षण बताते हुए मंत्री ने आशा व्यक्त की कि 'ज्वाला' और उसके शावक स्वस्थ होकर आगे बढ़ेंगे और भारत की चीता गाथा को और ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

## संसद का सामना नहीं कर पाएंगे पीएम मोदी : राहुल गांधी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि सरकार संसद में पश्चिम एशियाई संकट पर चर्चा करने को तैयार नहीं है, क्योंकि इससे यह उजागर हो जाएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका और इज़राइल के दबाव में कैसे झुक गए हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति जनता पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है, क्योंकि वहां के संघर्ष से तेल की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। रायबरेली सांसद ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से कितना नुकसान होगा? एक बड़े बदलाव की दिशा में संघर्ष चल रहा है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा। आपने शेयर बाजार देखा। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के साथ समझौता किया है। देश को बड़ा झटका लगने वाला है। तो फिर इस पर चर्चा करने में उन्हें क्या समस्या है? हम इसके बाद अन्य मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। क्या पश्चिम एशिया महत्वपूर्ण नहीं है? क्या ईंधन की कीमतें और आर्थिक तबाही चर्चा के महत्वपूर्ण विषय नहीं हैं? ये जनता के मुद्दे हैं। गांधी ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया संकट पर दोनों सदनों में चर्चा हुई तो प्रधानमंत्री संसद का सामना नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम इसे महत्वपूर्ण मानते हैं और इस पर चर्चा चाहते हैं... लेकिन वे चर्चा नहीं करना चाहते क्योंकि इससे अन्य बातें सामने आएंगी.



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888 ।फोन-0141-2796794, 2796795, ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)